


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शुक्रवार 26 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 277 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## पीएम मोदी ने ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया शुभारंभ




**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार यानी आज ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित हो रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में इंटरनेशनल ट्रेड शो को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में हो रही उथल-पुथल और अनिश्चितता के बावजूद भारत की विकास दर आकर्षक है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने ऐसे ओपन प्लेटफॉर्म बनाए हैं, जो सबको साथ लेकर चलते हैं। उन्होंने पीएम मोदी ने कहा कि विकास के लिए आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि सरकार मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज देश का नागरिक स्वदेशी से जुड़ रहा है।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए हमें एक इकोसिस्टम बनाना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि छोटे व्यापारियों को मुख्यधारा में शामिल किया गया है।

**'देश और दुनिया के सामने बहुत बड़ा मंच...' :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के लागू होने के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार उत्तर प्रदेश आए हैं। मैं उनका स्वागत करता हूं। गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, मध्यम वर्ग, व्यापारियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, सभी समुदायों और जातियों को दिवाली का यह तोहफा मिला है। पिछले चार दिनों में, हम बाजारों में एक नई तरह की रौनक देख पा रहे हैं।

# नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म से व्यापारियों व उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी : असीम अरुण





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में गुरुवार को किंग्स एंड क्वीन बैंक्विट हॉल, राकेश मार्ग पर ह्लनेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्मह्व विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित हुई। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री असीम अरुण मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। असीम अरुण ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार व्यापारियों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह गंभीर है। जीएसटी सुधारों का मुख्य उद्देश्य टैक्स प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और सहज बनाना है। आने वाले चरणों में छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और उद्योग जगत को बड़ी राहत मिलेगी। टैक्स प्रक्रिया आसान होने से न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा बल्कि कारोबारियों का समय और पूंजी दोनों की बचत होगी।

**उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ :** उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पहले ब्रांडेड घी की एमआरपी 725 रुपये थी, जबकि सुधारों के बाद अब देशी घी की नई एमआरपी मात्र 500 रुपये निर्धारित हुई है। इससे दुकानदार और उपभोक्ता दोनों को लाभ हो रहा है। उन्होंने इसे सरकार की ओर से ह्लदो के साथ एक फ्रीह्व जैसा फायदा बताया।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

करंट क्राइम :असीम अरुण ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा दे रही है। व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर प्रदेशभर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की शुरूआत हुई है। इस अभियान के अंतर्गत वोकल फॉर लोकलह्व और देश में बना, देश का सामान खरीदो जैसे संदेश जन-जन तक पहुँचाए जा रहे हैं। यह अभियान 25 दिसंबर (अटल जयंती) तक चलेगा।

### गाज़ियाबाद का व्यापारी समाज भाजपा की रीढ़

करंट क्राइम : कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि गाज़ियाबाद महानगर का व्यापारी समाज भाजपा की रीढ़ है। पारदर्शी सुधारों से निश्चित ही व्यापारियों को राहत और प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि माननीय असीम अरुण जी के मार्गदर्शन से कार्यकताओं और व्यापारियों को नई दिशा व ऊर्जा प्राप्त होगी।

### प्रमुख पदाधिकारी रहे मौजूद

करंट क्राइम : इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह, सदर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, कार्यक्रम संयोजक राजेश त्यागी, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, सुशील त्यागी, प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष वरुण नागर सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने सभी पत्रकार बंधुओं और आगंतुक अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।





## प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर किया पौधारोपण और संगोष्ठी को संबोधित किया

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत वसुंधरा मंडल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण किया और संगोष्ठी को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं को सम्मानित किया। यह सम्मान उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए दिया गया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। इन लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित किया गया था।

# पीएम मोदी का जीएसटी संशोधन ऐतिहासिक हर वर्ग को मिलेगा लाभ : सत्येंद्र सिसोदिया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पीएम मोदी ने जीएसटी में जो संशोधन कर आमजन को राहत दी है, वह एक दूरगामी और ऐतिहासिक कदम है। यह केवल टैक्स व्यवस्था में सुधार भर नहीं है, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और हर वर्ग तक विकास की धारा पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। आज उपभोक्ता को रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं जैसे खाद्यान्न, दवाइयाँ, साबुन, टूथपेस्ट आदि पर सीधे तौर पर बचत हो रही है। किसान और मजदूर वर्ग को राहत मिल रही है, गृहिणियों का घर-परिवार चलाना आसान हुआ है और व्यापारी वर्ग को कारोबार में नई गति मिल रही है।

पीएम मोदी का यह निर्णय सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को और अधिक सशक्त करता है। यह कदम मोदी जी की उस दूरदृष्टि को दर्शाता है जिसके तहत भारत को 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के करोड़ों उपभोक्ता, किसान, युवा, व्यापारी और उद्यमी इस निर्णय से प्रत्यक्ष लाभान्वित होंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि जीएसटी सुधार भारत को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की पहचान एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा।

# अगर मिला डेंगू का लार्वा तो लगेगा 10 हजार जुर्माना




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मानसून के बाद गाजियाबाद में डेंगू और मलेरिया के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। अब किसी भी स्थान पर डेंगू का लार्वा मिलने पर संबंधित व्यक्ति पर 5 हजार से 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार किए गए इस प्रस्ताव को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने मंजूरी दे दी है। जिला मलेरिया अधिकारी ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जुमार्ने की राशि इस बात पर निर्भर करेगी कि संबंधित क्षेत्र में सफाई, कीटनाशक छिड़काव और लोगों को जागरूक करने में कितनी लागत आई।

## अस्पताल-स्कूल सब सजग हो जाएं

### जुर्माना और मुकदमे की होगी कार्रवाई

करंट क्राइम। लार्वा मिलने पर पहले नोटिस दिया जाएगा। अगर 24 घंटे के भीतर समस्या का समाधान नहीं होता है तो जुर्माना वसूला जाएगा। जुर्माना न देने या आनाकानी करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराई जाएगी।

### बढ़ते मरीजों पर निगरानी

करंट क्राइम : पिछले 24 घंटे में जिले में डेंगू के 7 और मलेरिया के 2 नए मरीज मिले हैं। डेंगू के 7 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से 6 का इलाज जिला एमएमजी अस्पताल के डेंगू वार्ड में चल रहा है। अब तक गाजियाबाद में कुल 130 डेंगू मरीज और 71 मलेरिया मरीज सामने आ चुके हैं।

### प्रशासन भी हुआ एक्टिव

करंट क्राइम :24 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमों ने अलग-अलग इलाकों में निरीक्षण कर 137 लोगों को नोटिस दिया। इस दौरान लोगों को मच्छरदानी, एसी और कूलर की सफाई और बुखार होने पर सही दवाओं के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया।

### स्वास्थ्य विभाग ने दिए डेंगू से बचाव के टिप्स

- घर में मच्छरदानी का उपयोग करें।
- एसी और कूलर की नियमित सफाई करें।
- बुखार होने पर केवल पीसीएम की गोली लें और डॉक्टर की सलाह पर ही अन्य दवाओं का सेवन करें।



प्रशासन का कहना है कि लोगों की लापरवाही ही डेंगू और मलेरिया फैलने की सबसे बड़ी वजह है, इसलिए सहयोग करना सभी की जिम्मेदारी है।

# भाजपा का गढ़, लेकिन 2027 में क्या बदल पाएगा विपक्ष समीकरण ?

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली से सटा गाज़ियाबाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में सिर्फ.एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के चुनावी रुझानों का पैमाना माना जाता है। औद्योगिक और कारोबारी केंद्र होने के साथ यह शहर भाजपा के लिए बीते डेढ़ दशक में सुरक्षित गढ़ बन चुका है। लोकसभा से लेकर विधानसभा और नगर निगम तक, भाजपा ने यहाँ लगातार जीत दर्ज की है।

2007 में यहाँ भाजपा और बसपा के बीच कड़ी टक्कर हुई थी। गाज़ियाबाद शहर की सीट पर भाजपा के सुनील शर्मा ने लगभग 25 हजार वोटों से जीत दर्ज की, जबकि बसपा के सुरेश बंसल दूसरे स्थान पर रहे। लेकिन 2012 में तस्वीर बदली। बसपा ने गाज़ियाबाद और मुरादनगर सीटें जीतकर भाजपा को करारा झटका दिया। गाज़ियाबाद शहर में सुरेश बंसल ने भाजपा के अतुल गर्ग को हराया और मुरादनगर में बसपा के वहाब ने बढ़त बनाई।

2017 में भाजपा ने जोरदार वापसी की। गाज़ियाबाद शहर से अतुल गर्ग ने 70 हजार से अधिक वोटों के अंतर से जीत दर्ज की, मुरादनगर से अजीत पाल त्यागी 89 हजार के अंतर से विजयी हुए और लोनी सीट पर नंदकिशोर गुर्जर ने बसपा प्रत्याशी जाकिर अली को 42 हजार वोटों से पछाड़ दिया। साहिबाबाद में सुनील शर्मा ने भारी अंतर से जीत हासिल की और धौलाना में भी भाजपा ने पहली बार प्रवेश किया।

2022 आते-आते यह बढ़त और भी मजबूत हो गई। गाज़ियाबाद शहर में अतुल गर्ग का अंतर एक लाख से ऊपर पहुँच गया, मुरादनगर में अजीत पाल त्यागी ने 97 हजार वोटों से बाजी मारी, लोनी से नंदकिशोर गुर्जर लगातार दूसरी बार विजयी हुए, साहिबाबाद में सुनील शर्मा ने रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की और धौलाना में धर्मेश तोमर ने भाजपा का किला पक्का किया।

## 2007 से 2025 तक पांचों सीटों पर भाजपा का दबदबा, विपक्ष हर बार और पीछे खिसका

### 2025 उपचुनावः भाजपा का दबदबा फिर साबित

2025 में गाज़ियाबाद शहर सीट पर उपचुनाव हुआ। यह सीट अतुल गर्ग के लोकसभा सदस्य चुने जाने के कारण खाली हुई थी। भाजपा ने इस बार संजीव शर्मा को प्रत्याशी बनाया, जिन्होंने 96,946 वोट हासिल किए और समाजवादी पार्टी के सिंह राज जाटाव को 27,595 वोटों पर रोक दिया। जीत का अंतर रहा 69,351 वोट।
मतदान प्रतिशत बहुत कम — मात्र 33.3% — रहा, लेकिन भाजपा ने इस चुनौतीपूर्ण माहौल में भी 63% वोट शेयर लेकर जीत दर्ज की। 2022 के 61.37% वोट शेयर की तुलना में यह और मजबूत स्थिति थी। यह उपचुनाव साबित करता है कि भाजपा का कोर वोटर न केवल बरकरार है, बल्कि कठिन परिस्थितियों में भी निर्णायक भूमिका निभाता है।




### सीटवार चुनावी इतिहास (2007-2025)

#### गाज़ियाबाद शहर
- 2007 : भाजपा - सुनील शर्मा (जीत 25,655) बनाम बसपा - सुरेश बंसल
- 2012 : भाजपा - सुरेश बंसल (जीत 12,121) बनाम बसपा - अतुल गर्ग
- 2017 : भाजपा - अतुल गर्ग (जीत 70,505) बनाम बसपा - सुरेश बंसल
- 2022 : भाजपा - अतुल गर्ग (जीत 1,05,537) बनाम सपा - विशाल वर्मा
- 2025 (उपचुनाव) : भाजपा - संजीव शर्मा (जीत 69,351) बनाम सपा - सिंह राज जाटाव

#### साहिबाबाद
- 2012 : बहु-दलीय मुकाबला
- 2017 : भाजपा - सुनील शर्मा (बड़ा अंतर)
- 2022 : भाजपा - सुनील शर्मा (रिकॉर्ड अंतर)

#### लोनी
- 2012 : बसपा- जाकिर अली (जीत 25,000)
- 2017 : भाजपा - नंदकिशोर गुर्जर (जीत 42,813) बनाम बसपा - जाकिर अली
- 2022 : भाजपा - नंदकिशोर गुर्जर (लगातार विजयी)

#### मुरादनगर
- 2007 : निर्दलीय राजपाल त्यागी
- 2012 : बसपा - वहाब (जीत 3,622) बनाम भाजपा-बृजपाल त्यागी
- 2017 : भाजपा - अजीत पाल त्यागी (जीत 89,612)
- 2022 :भाजपा - अजीत पाल त्यागी (जीत 97,095)

#### धौलाना
- 2012 : बसपा विजयी
- 2017 : बसपा - धर्मेश तोमर
- 2022 : भाजपा - धर्मेश तोमर (लगातार विजयी)

### भाजपा के विजयी चेहरे और परास्त हुए दावेदार



- गाज़ियाबाद शहर : सुनील शर्मा (2007), अतुल गर्ग (2017, 2022), संजीव शर्मा (2025) बनाम सुरेश बंसल (बसपा), विशाल वर्मा (सपा), सिंह राज जाटाव (सपा)
- साहिबाबाद : सुनील शर्मा (2017, 2022) बनाम कांग्रेस/बसपा/सपा प्रत्याशी
- लोनी : नंदकिशोर गुर्जर (2017, 2022) बनाम जाकिर अली (बसपा)
- मुरादनगर : अजीत पाल त्यागी (2017, 2022) बनाम वहाब (बसपा)
- धौलाना : धर्मेश तोमर (2017, 2022) बनाम बसपा और सपा प्रत्याशी

### निष्कर्ष :

गाज़ियाबाद का चुनावी इतिहास साफ है — 2007 में भाजपा और बसपा के बीच सीधी टक्कर थी, 2012 में बसपा ने बढ़त बनाई, लेकिन 2017 से 2025 तक भाजपा ने हर सीट पर मजबूत पकड़ बना ली। मत अंतर लगातार बढ़ा, विपक्ष लगातार कमजोर हुआ। 2025 के उपचुनाव ने इस सिलसिले को और पुख्ता कर दिया। कम मतदान के बावजूद भाजपा ने एकतरफा जीत दर्ज की। अब 2027 विधानसभा चुनाव में विपक्ष के सामने चुनौती और भी कठिन होगी। गाज़ियाबाद भाजपा का गढ़ है, और यहाँ से 2027 का चुनावी संदेश पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रभावित कर सकता है।

# मिशन शक्ति 5.0 : छात्राओं ने संभाली थानों की कमान, बनीं एक दिन की कोतवाल

## कहीं प्रभारियों ने दी सलामी तो कहीं घर से लेने पहुंची पुलिस की गाड़ी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवरात्र के दिन चल रहे हैं। माँ दुर्गा के शक्ति रूप में महिलाएं अपनी ताकत का अहसास दिखा रहीं हैं। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत गुरुवार को पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर गाजियाबाद कमिश्नरेट के ग्रामीण, नगर और ट्रांस हिण्डन जोन के सभी थानों पर विशेष पहल की गई। इस दौरान सम्बन्धित थानाक्षेत्र की छात्राओं को एक दिन के लिए कोतवाल के पद पर तैनात किया गया।




### घर और कॉलेज से सम्मान के साथ रिसीव करने पहुंची पुलिस

करंट क्राइम। इस अभियान के तहत एक दिन की कोतवाल छात्राओं को उनके विद्यालय से थाना पुलिस वाहन के माध्यम से 2 महिला और 2 पुरुष हमराहियों की उपस्थिति में लाया गया। थानों पर पहुंचने पर कोतवाल द्वारा उनको पुलिस कैप पहनाकर एवं रल्ड का बैज लगाकर स्वागत किया गया।



### जनसुनवाई से लेकर पैदल गश्त में शामिल रहीं छात्राएं

करंट क्राइम। कार्यभार संभालने के बाद छात्राओं ने न केवल जनसुनवाई की, बल्कि थाना स्तर पर आयोजित बैठकों में पुलिसकर्मियों की समस्याएँ भी सुनीं। इसके साथ ही छात्राओं ने एंटी रोमियो स्क्वॉड की चेकिंग भी की और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अभिनव पहल का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और कानून व्यवस्था की समझ को बढ़ाना है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं को समाज में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त तरीके से निभाने की प्रेरणा मिलेगी। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और समाज में जागरूकता लाने की दिशा में पुलिस की एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।










## मिशन शक्ति में अनोखी पहल : कक्षा सात की छात्रा बनीं एक दिन की बीडीओ



**गुन्नौर, करंट क्राइम।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रजपुरा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय की कक्षा सात की छात्रा कुमारी काजल को एक दिन के लिए खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) की जिम्मेदारी सौंपी गई। कुमारी काजल ने कार्यालय पहुँचकर फरियादियों की जनशिकायतें सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बेटियाँ यदि अवसर पाएँ तो प्रशासनिक कार्यों को भी बखूबी संभाल सकती हैं। छात्रा काजल ने इस अवसर पर स्वच्छता अभियान को और तेज करने, जनसेवा योजनाएँ गाँव तक पहुँचाने, जन चौपाल नियमित रूप से आयोजित करने और लगाए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य बेटियों को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी क्रम में एक दिन की बीडीओ बनी कुमारी काजल ने सभी छात्राओं और ग्रामीणों को प्रेरित किया कि शिक्षा और आत्मविश्वास से जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## थाना कविनगर की पहल सुश्री तनु चौधरी बनीं एक दिन की कार्यवाहक थाना प्रभारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना कविनगर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सुश्री तनु चौधरी को एक दिन के लिए कार्यवाहक थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर डिजिटल वालंटियर टीम थाना कविनगर के कॉर्डिनेटर अंशुमान चौधरी तथा टीम सदस्य सुनील चौधरी खोखर, मुकेश कुमार शाही, पिंटू गुप्ता, अभय शर्मा और महेश कुमार ने कार्यवाहक थाना प्रभारी सुश्री तनु चौधरी को बुके भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की विभिन्न समस्याएँ भी साझा की गईं।

कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक सुश्री तनु चौधरी ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है, और इस तरह की पहल से बेटियों को प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलता है।

## छात्राओं का बैंक भ्रमण, क्लासरूम से बाहर मिला फाइनेंशियल नॉलेज का एक्सपीरियंस

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शिक्षा विभाग द्वारा छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति 5.0 के तहत स्कूल के छात्र-छात्राओं को एक खास बैंक विज़िट कराया गया।




**बैंकिंग का प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस :** अकाउंट कैसे खोला जाता है। पैसे जमा और निकालने की प्रक्रिया। बैंक ड्राफ्ट कैसे बनता है। डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएँ

**करियर और मोटिवेशन :** बैंक कर्मचारियों ने बच्चों को यह भी बताया कि बैंक में नौकरी पाने के लिए किस तरह तैयारी की जाती है। अपने पर्सनल एक्सपीरियंस शेयर करते हुए उन्होंने छात्रों को मोटिवेट किया और आगे बढ़ने के टिप्स दिए।

**स्टूडेंट्स का उत्साह :** बच्चों के लिए यह विज़िट बेहद अच्छा साबित हुआ। उन्होंने न सिर्फ बैंकिंग प्रोसेस को समझा बल्कि यह भी जाना कि फाइनेंशियल नॉलेज कैसे लाइफ में काम आता है। इस विज़िट ने उनके अंदर नई एनर्जी, कॉन्फिडेंस और इंस्पिरेशन भरी।

**यादगार दिन :** स्टूडेंट्स ने माना कि क्लासरूम से बाहर का यह लर्निंग एक्सपीरियंस उनके लिए लाइफ-टाइम मेमोरी रहेगा।

# 'टूथपेस्ट से लेकर ट्रैक्टर तक लोगों के लिए टैक्स हुआ कम'

# कांग्रेस जीएसटी पर फैला रही झूठ : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जीएसटी दरों में कटौती के मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि टूथपेस्ट से लेकर ट्रैक्टर तक की कीमतों में लोगों के लिए टैक्स का भार कम हुआ है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के दौरान कर लूट होती थी और लोगों पर भारी करों का बोझ डाला जाता था। उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो (यूपीआईटीएस) का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि महज तीन दिन पहले (22 सितंबर) अगली पीढ़ी के वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) सुधार लागू किए गए।

### भारत के विकास की कहानी को नई उड़ान देंगे जीएसटी सुधार

पीएम ने कहा कि यह एक संरचनात्मक बदलाव है। पीएम ने कहा, ये भारत के विकास की कहानी को नई उड़ान देंगे। उन्होंने कहा कि ये सुधार जीएसटी पंजीकरण को सरल बनाएंगे, कर विवादों को कम करेंगे और एमएसएमई के लिए रिफंड में तेजी लाएंगे, जिससे हर क्षेत्र को लाभ होगा।

### कांग्रेस देश के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही

उन्होंने कहा, इसके बावजूद, कुछ राजनीतिक दल देश लोगों को गुमराह करने करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल, जो 2014 से पहले सरकार चला रहे थे, अपनी सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए जनता से झूठ बोल रहे हैं। पीएम ने कहा, सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकारों के दौरान टैक्स के जरिए जमकर लूट होती थी और लूटे गए पैसे को और भी लूटा जाता था। देश का आम नागरिक टैक्स के बोझ से परेशान था।

### सरकार ने महंगाई पर अंकुश लगाकर आय और बचत में किया इजाफा

2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने वाले मोदी ने दावा किय उनकी सरकार ने करों में उल्लेखनीय कमी की है, मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाया है और लोगों की आय और बचत दोनों में वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि 12 लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त करने और नए जीएसटी सुधारों को लागू करने से नागरिकों को अकेले इस वर्ष 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। मोदी ने कहा कि देश जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है।

**1 लाख खर्च करने वाले परिवार को अब होगी 20 से 25 हजार की बचत :** मोदी ने आगे कहा कि 2014 में यदि कोई परिवार अपनी आवश्यकताओं पर प्रतिवर्ष 1 लाख रुपये खर्च करता था तो उसे 20,000-25,000 रुपये कर के रूप में देने पड़ते थे। उन्होंने कहा कि आज नई जीएसटी व्यवस्था के तहत वही परिवार सालाना केवल 5,000-6,000 रुपये का भुगतान करता है। अधिकांश चीजों पर अब केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ट्रैक्टरों के महत्व पर जोर देते हुए पीएम ने कहा कि 2014 से पहले, एक ट्रैक्टर खरीदने पर लोगों को 70,000 रुपये से अधिक टैक्स के रूप में चुकाने पड़ते थे। अब, उसी ट्रैक्टर पर उन्हें सिर्फ 30,000 रुपये का कर लगता है।

### जीएसटी के हितधारकों ने इसके तीन अलग-अलग चरण देखे

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि जीएसटी के हितधारकों ने इसके तीन अलग-अलग चरण देखे हैं। एक जीएसटी से पहले का, दूसरा जीएसटी के बाद का, और अब अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार का। इस दौरान जीएसटी के ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। पीएम मोदी ने मोदी ने कहा कि 2014 से पहले, करों की अधिकता के कारण व्यवसायिक लागत और घरेलू बजट दोनों का प्रबंधन करना मुश्किल हो गया था। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 1,000 रुपये की कीमत वाली शर्ट पर लगभग 170 रुपये टैक्स लगता था। 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद यह घटकर 50 रुपये पर आ गया। 22 सितंबर से संशोधित दरें लागू होने के बाद अब उसी 1,000 रुपये की शर्ट पर लोगों को केवल 35 रुपये का टैक्स चुकाना पड़ेगा।

### पीएम ने समझाया जीएसटी के पहले, बाद में और सुधारों के बाद का फर्क

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में टूथपेस्ट, शैम्पू, हेयर ऑयल और शेविंग क्रीम जैसी आवश्यक वस्तुओं पर 100 रुपये खर्च करने पर 31 रुपये कर लगता था, इससे बिल बढ़कर 131 रुपये हो जाता था। 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद 100 रुपये मूल्य की वस्तु की कीमत 118 रुपये हो गई, इससे साफ तौर 13 रुपये की बचत हुई। पीएम ने बताया कि जीएसटी में हालिया सुधारों के बाद यह लागत और भी कम होकर महज 105 रुपये हो गई है। इससे 2014 से पहले की दरों की तुलना में लोगों को कुल 26 रुपये की बचत हुई है।

## बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने श्रमदान कर सडक की सफाई की, कूडे को डस्टबिन में डाला



**नई दिल्ली। करंट क्राइम।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से गुरुवार को राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक स्वच्छता अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ के अंतर्गत निर्माण भवन और विदेश मंत्रालय भवन के पास सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा, राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने श्रमदान कर सड़क की सफाई की। मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी भागीदारी रही।

इस अभियान के बाद एक्स पर नड्डा ने तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर, ह्लसेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक नागरिक को इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और सभी के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भारत बनाने में योगदान देने का आग्रह किया।

यह पहल स्वच्छता ही सेवा अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए सामुदायिक भागीदारी और नागरिक कार्रवाई को बढ़ावा देना है। मंत्रालय के सभी प्रभागों और अनुभागों के कर्मचारियों ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और राष्ट्रव्यापी अभियान की भावना में योगदान दिया।

## सर्राफा कारोबारी ने कार के भीतर खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

### सुसाइड नोट में तीन व्यापारियों और एक महिला पर लगाया गंभीर आरोप

**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** नंदग्राम इलाके में एक सनसनीखेज वारदात में 32 साल के सर्राफा कारोबारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सर्राफा कारोबारी ने कार के भीतर ही खुद को गोली मारी है। पुलिस को कार से एक सुसाइड नोट मिला हैए जिसमें राजनगर एक्सटेंशन के तीन सर्राफा कारोबारियों और उनके यहां काम करने वाली एक महिला पर करीब एक करोड़ रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। नोट के साथ सोने के बिस्किट के लेनदेन से जुड़ी एक स्लिप भी मिली है।

घटना ऑफिसर सिटी.2 सोसायटी की है। 32 साल के जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू सोने-चांदी की खरीद बिक्री का काम करते थे। जीतू ने अपनी कार में खुद को पिस्टल से



गोली मार ली।

जानकारी के अनुसारए जितेंद्र दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में जेएसके नाम से ज्वेलरी शॉप चलाते थे। वह अपनी पत्नी और दो महीने के बेटे के साथ राजनगर एक्सटेंशन की ऑफिसर सिटी.2 सोसायटी में रहते थे। बुधवार दोपहर जब वे कार से सोसायटी लौटे तो अपने फ्लैट पर नहीं गए। कार में ही काफी देर तक बैठे रहे। इसी बीच शाम करीब तीन बजे गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब आसपास के लोग वहां पहुंचे तो उन्होंने जितेंद्र को खून से लथपथ पाया। उनके सीने में गोली लगी थी और पास में ही उनकी लाइसेंसी पिस्टल पड़ी थी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने सुसाइड नोट और सोने के लेनदेन से जुड़ी स्लिप को भी जब्त कर लिया। मृतक के भाई अमित ने बताया कि कुछ दिन पहले जितेंद्र ने नंदग्राम थाने में भी इस लेनदेन प्रकरण को लेकर शिकायत दी थीए लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि इसी दौरान आरोपितों ने उनके भाई को बुरी तरह मेंटली टॉर्चर कियाए जिससे परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुसाइड नोट और बरामद स्लिप की जांच की जा रही है। परिजनों की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दरगाह में सीसीटीवी कैमरे लगाने का विरोध अब महंगा पड़ेगा, अदालत ने दिए सख्त आदेश

**अजमेर।** अजमेर की विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का विरोध करने वालों पर अब कानूनी शिकंजा कसेगा। सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम वर्ग (अजमेर पश्चिम) मनमोहन चंदेल ने दरगाह नाजिम को आदेश जारी करते हुए कहा कि परिसर में हर संभावित जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति या समूह इसका विरोध करता है तो उनके खिलाफ कलेक्टर और एसपी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें।



दरअसल, दरगाह के आस्ताना में खिदमत की बारी को लेकर खादिमों के बीच हुए विवाद के मामले में अदालत ने नाजिम से संबंधित जगह की सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत करने को कहा था, लेकिन नाजिम ने अदालत को बताया कि उस क्षेत्र में कैमरे नहीं लगे हैं, इसलिए फुटेज उपलब्ध नहीं है। अदालत ने इस तथ्य को गंभीरता से लेते हुए दरगाह में तत्काल कैमरे लगाने के निर्देश जारी किए। अदालत ने नाजिम को यह भी विकल्प दिया कि यदि वे दरगाह कमेटी के खर्चे पर कैमरे लगाना चाहते हैं तो पांच दिन के भीतर कलेक्टर और एसपी को लिखित याचिका देकर उनसे सहयोग मांग सकते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि कैमरों का संचालन दरगाह कमेटी को नियमानुसार करना होगा।

फैसले में अदालत ने कहा कि दरगाह परिसर में कैमरे लगाने का विरोध स्वार्थवश किया जाता है, जबकि भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थलों पर सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे जरूरी हैं। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के रूप में सीसीटीवी फुटेज विवादों के समाधान में बेहद मददगार साबित होते हैं। इसलिए कलेक्टर और एसपी से अपेक्षा की जाती है कि वे दरगाह कमेटी की मदद करें और विरोध करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करें।

गौरतलब है कि अजमेर दरगाह में 2007 से सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। फिलहाल परिसर के करीब 75 प्रतिशत हिस्से को 57 कैमरों से कवर किया गया है। लेकिन आस्ताना सहित 25 प्रतिशत एरिया अब भी कैमरों की पहुंच से बाहर हैं। केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों से आस्ताना में भी कैमरे लगाने की कवायद शुरू की थी, मगर दरगाह के एक बड़े पक्ष द्वारा इसका विरोध किया गया।

अब अदालत के सख्त रुख के बाद दरगाह परिसर में शेष हिस्सों, विशेषकर आस्ताना में, सीसीटीवी लगाने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र सरकार भी आगामी 814वें उर्स से पहले दरगाह में सुरक्षा इंतजामों को पुख्ता करने की दिशा में कदम उठा रही है। अदालत के इस आदेश से स्पष्ट है कि दरगाह परिसर में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना अब टाली नहीं जा सकेगी और विरोध करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 26 सितंबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित





# कवि नगर रामलीला मैदान में रामायण प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

## प्रदर्शनी में आने वाले हर शख्स को लगाया जाता है तिलक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित श्री धार्मिक रामलीला समिति की रामलीला इस बार बेहद खास है। इस बार यहां रामायण काल से जुड़े पवित्र स्थलों की मिट्टी और संस्मरण को प्रदर्शनी का हिस्सा बनाया गया है, जहां मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम रावण से बदला लेने के लिए जिस स्थानों से होकर गुजरे थे और रात गुजरी थी, उनको भी प्रदर्शित किया गया है। अयोध्या से श्रीलंका जाते समय भगवान राम ने 51 स्थानों पर पूजा अर्चना की थी। उन स्थानों में से 31 की पवित्र मिट्टी को यहां डिसप्ले भी किया गया है।

### प्रदर्शनी की प्रमुख झलकियां

- हर दर्शक का तिलक लगाकर स्वागत किया जाता है।
- प्रदर्शनी में रामायण काल से जुड़े 51 पौराणिक स्थलों का विवरण दिया गया है।
- 31 पवित्र स्थलों की मिट्टी कलश में रखी गई है, जहां भगवान श्रीराम ने रात गुजारी थी या उनके चरण पड़े थे।
- अलग-अलग स्थलों का विवरण और ऋषियों की तस्वीरें व जानकारी भी प्रदर्शित की गई है।
- समिति की ओर से महिलाओं को विशेष ड्यूटी दी गई है, जो आगंतुकों का स्वागत कर उन्हें जानकारी देती हैं।

### जिन प्रमुख स्थलों का जिक्र और मिट्टी कलश प्रदर्शित

धनुष्कोटी (रामनाथपुरम, तमिलनाडु), रामेश्वरम (तमिलनाडु), किष्किंधा (कर्नाटक), ऋषि मयूख पर्वत (कर्नाटक), शबरी आश्रम, सत्य तीर्थ (नासिक, महाराष्ट्र), वर्णनशाला (तेलंगाना), पंचवटी (नासिक, महाराष्ट्र), अगस्त आश्रम (पन्ना, मध्य प्रदेश), उत्तराखंड आश्रम (सतना, मध्य प्रदेश)।





### शिव तांडव का भव्य प्रदर्शन

करंट क्राइम। कवि नगर रामलीला मैदान में लगे मेले में शिव तांडव की गूंज और डमरू की थाप दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही है। गोल चक्कर पर गूंजता शिव तांडव संगीत और भोलेनाथ के हाथ का डमरू वातावरण को भक्ति और आस्था से भर रहा है। तो वहीं रामलीला मैदान कवि नगर मेले में आने वाले लोग यहां जमकर वीडियो, रील और सेल्फी भी ले रहे हैं।

### कवि नगर रामलीला शहर की अलग पहचान बना रही है

करंट क्राइम। अध्यक्ष ललित जायसवाल का कहना है कि कवि नगर की रामलीला शहर में अलग पहचान बना रही है। यहां हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन मेले, मंचन ओर झूलों का आंनद ले रहे हैं।

# शहर की जनता को समर्पित रहेगा नमो पार्क : संजीव शर्मा

## यहीं पर बनेगी हीरा बेन स्मृति वाटिका



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश में सभी नगर निगम द्वारा नमो पार्क की स्थापना की गई है। गाजियाबाद में शहर विधायक संजीव शर्मा की पहल पर नमो पार्क शहर को मिलेगा। उन्होंने अपनी विधानसभा में वो जमीन नगर निगम को उपलब्ध कराई है जो सेना की जमीन थी और जिसे अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया था। अब इस जमीन पर नमो पार्क बनेगा। नगर निगम को शहर विधायक संजीव शर्मा ने एक बड़ी सौगात दी है।

दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में शहर विधायक संजीव शर्मा ने ये बताया कि रक्षा मंत्रालय की जिस जमीन को मैंने प्रयास कर अवैध कब्जे से मुक्त कराया था उस जमीन पर हरित लक्ष्य के साथ कर रहे हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि मैंने नगर आयुक्त विक्रामादित्य सिंह को एक पत्र लिखा और ये प्रस्ताव दिया कि अगर इस जमीन पर पौधे लगाए जाएं तो क्षेत्र का पर्यावरण भी सुधरेगा और नमो पार्क की अवधारणा भी पूरी होगी। नगर निगम के पास पौधों के लिये एक्यूआई का फंड है।

उन्होंने बताया कि यहां पर नगर निगम द्वारा 50 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इससे पहले उत्सव भवन के पास पौधे लगाए गए थे और वन विभाग द्वारा 81 हजार पौधे प्रताप विहार क्षेत्र में लगाए गए हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर यह सेवा पखवाड़ा चल रहा है और हम नमो पार्क की इस अनुभूति से ही गौरवान्वित हैं। विधानसभा क्षेत्र में आने वाली इस जमीन को नमो पार्क के लिये समर्पित किया गया है। नगर आयुक्त को प्रस्ताव भेजा गया और नगर आयुक्त ने इस पर सहमति दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जब राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष यहां आए थे तो उन्होंने तभी यहां की हरियाली देखकर कहा था कि शहरी क्षेत्र में इतना बड़ा वन क्षेत्र वास्तव में एक उपलब्धी है और उन्होंने कहा था कि इसका नाम नमो वन रखना चाहिए।

शहर विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि हमारा कार्यक्रम मुख्यमंत्री से समय लेकर उनसे नमो वन का उद्घाटन कराने का है। हम हरे-भरे नमो वन को विकसित करने के लिये पूरी तरह दृढ़संकल्प हैं। नमो वन के लिये शहर विधायक के रूप में मैंने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर जमीन की उपलब्धता की जानकारी दी और अब नगर आयुक्त के प्रयासों से यहां नमो वन की स्थापना हो रही है।

# हाईकोर्ट ने की रिट याचिका खारिज, अब गोविंदपुरम स्थित गौड़ होम्स सोसाइटी में 8 साल बाद चुनाव की राह आसान



**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** गोविंदपुरम स्थित गौड़ होम्स सोसाइटी में 8 वर्षों से रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन को लेकर विवाद चल रहा है। अब चुनाव कराने की राह आसान हो गई है, क्योंकि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चुनाव नहीं कराने की याचिका का खारिज कर दिया है।

इससे सोसाइटी में हर्ष का माहौल है। लोगों का कहना है कि आरडब्ल्यूए का चुनाव होने के बाद यहां की समस्या व शिकायतों का निस्तारण आसानी से हो सकेगा।

जानकारी के अनुसार, मौजूदा आरडब्ल्यूए ने एसडीएम सदर और डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा धारा 25(2) के तहत समिति भंग कर चुनाव करवाने के आदेश के विरुद्ध हाई कोर्ट इलाहाबाद में रिट दायर की थी, जिसे हाईकोर्ट न्यायालय ने खारिज कर दिया। इसके बाद सोसाइटी में चुनाव की राह आसान हो गई है।

बताया गया कि 22 सितंबर 2025 को चुनाव अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य की ओर से निवासियों की एक बैठक की गई थी, जिसमें उन्होंने नियमानुसार पारदर्शी चुनाव कराने का आश्वासन दिया।

प्रतिवादी पक्ष के अतुल त्यागी का कहना है कि सोसाइटी में पिछले 8 वर्षों से कब्जा है। उनके अनुसार, वर्तमान पदाधिकारी मुकेश पाल सिंह और अभिषेक त्यागी 2018 के चुनाव के बाद बिना चुनाव लड़े लगातार बोर्ड में बने हुए हैं। इस दावे के अनुसार, आठ वर्षों बाद चुनाव होने की संभावना से सोसाइटी के निवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल है।

# खुलने वाला है दो साल से बंद उस टॉयलेट का ताला अब शुरू हो गई है टॉयलेट एक क्रेडिट वाली जंग





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कहानी में दोनों तरफ फूल हैं और कहानी में कमाल का ट्विस्ट है। कहानी में टॉयलेट है और टॉयलेट पर ताला लगा है। मामला इंदिरापुरम क्षेत्र का है, यहां पर एक टॉयलेट सरकार के खजाने से बना, लेकिन टॉयलेट बनने के बाद ये दो पार्षदों के बीच फंस गया। पार्षद एक ही दल के थे मगर, कहानी में ट्विस्ट ये रहा कि जब ये टॉयलेट बनना शुरू हुआ तो मैडम पार्षद थीं और जब टॉयलेट बनकर तैयार हो गया तो सरकार भाजपा की रही, लेकिन पार्षद बदल गए। दल एक ही है, लेकिन पार्षद बदले हैं और बदलाव का असर भी दिखाई दिया। मैडम पार्षद पूर्व हो गईं और मिस्टर पार्षद ने आते ही टॉयलेट का हिसाब चेक कर लिया। उन्होंने फीता काटने से ज्यादा शुरूआत फजीता काटने में दिखाई। टॉयलेट बन गया और

टॉयलेट फूल वालों के रूल वार में उलझ गया। दोनों पार्षदों की बिरदारी एक, दोनों पार्षदों का दल एक, लेकिन टॉयलेट पा ताला लग गया। दो साल तक ताला लगा रहा और झगड़ा इस बात लेकर की टॉयलेट में 19 लाख रुपए कैसे लग गये। दो साल तक टॉयलेट बंद रहा और अब फिर से टॉयलेट का ताला खुलने वाला है। सूत्र बताते हैं कि ताले से पहले एक बार फिर क्रेडिट की जंग शुर हो गई है। पूर्व मैडम पार्षद ने सबको फोन कर ये बता दिया है कि जो टॉयलेट मेरे कार्यकाल में बनाया गया था वो टॉयलेट एक हफ्ते में शुरू हो रहा है। यह टॉयलेट मेरे प्रयासों से बना है।

इसी बीच जैसे ही इस बात की भनक मौजूदा पार्षद को लगी तो उन्होंने भी इस बात को प्रसारित कर दिया कि एक हफ्ते में टॉयलेट शुरू हो रहा है। अब इंतजार इस बात का है कि यहां उद्घाटन पर किसके नाम का पत्थर लगेगा और क्या वो नाम भी आएगा जिनके कार्यकाल में टॉयलेट का शिलान्यास हुआ था।

# करंट क्राइम में छपने के बाद आ गया लाइट वाली कहानी में करंट कैबिनेट मंत्री के इंटरफेयर के बाद लग गई पार्क में लाइट





## सामने वाले पार्षद पर खींचा आमने वाले पार्षद ने ध्यान

### कहा, हम पर करना ये एहसान, मत करना हम पर कोई एहसान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम ने नदिया पार के दो वार्डों की एक लाइट कहानी को प्रकाशित किया था। रामलीला वाले चाहते थे कि अगर पार्क में लाइट लग जाए तो लोगों को सुविधा होगी, लेकिन यहां पर समस्या ये थी कि जिस पार्षद का वार्ड था वो रुचि नहीं ले रहे थे। क्षेत्र के लोग दूसरे वार्ड के पार्षद के पास पहुंचे और उनसे अनुरोध किया। दूसरे वार्ड के पार्षद ने भी परिसीमन बताया और कहा कि मैं इस तरफ लाइट लगवा सकता हूं, इसके बाद उन्होंने लाइट का काम भी शुरू करा दिया। भाजपा पार्षद ने काम शुरू कराया और दूसरे वार्ड की भाजपा पार्षद के पति को ये बात बहुत अखरी।

उन्होंने मौके पर जाकर काम बंद करा दिया। दो पार्षदों के बीच में लाइट का पेंच फंस गया। दैनिक करंट क्राइम ने इस पूरे मामले को प्रकाशित किया था। दैनिक करंट क्राइम में समाचार प्रकाशित होने के बाद अगले दिन ही यहां लाइट वाली फाइट का एण्ड हो गया। किस्से में कैबिनेट मंत्री की एंट्री हुई। मंत्री जी की विधानसभा है और विधानसभा में ये सभी वार्ड आते हैं। सूत्र बताते हैं कि कैबिनेट वालों की दखल के बाद लाइट वाली फाइट समाप्त हो गई और लोगों को राहत मिली। अब लाइट लगा दी गई है।

# रामलीला मेलों में लिटिल चोरों का गैंग एक्टिव

## पर्स, सामान और मोबाइल पर टारगेट, पकड़े जाने पर रोकर बचने का करते हैं प्रयास


गौरव शशि नारायण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रामलीला मैदान में हर शाम श्रद्धा और आस्था का संगम उमड़ता है, लेकिन इसी भीड़ का फायदा उठाकर लिटिल चोरों का गैंग एक्टिव हो गया है। कहीं मोबाइल साफ हो रहा है, तो कहीं पर्स, साथ ही कीमती सामान पर भी हाथ साफ कर रहे हैं। बाउंसर और सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी महज दिखावा साबित हो रही है, जबकि पुलिस की आंखों के सामने जेबकतरे मेले में लोगों को जमकर टारगेट बना रहे हैं। सवाल उठ रहा है बड़ी संख्या में सुरक्षा और सीसीटीवी लगे होने के बावजूद भी लिटिल चोरों का गैंग एक्टिव है।

### भीड़ का फायदा उठाकर वारदात

**करंट क्राइम।** कवि नगर, घंटाघर और राजनगर की रामलीलाओं में पिछले पाँच दिन से लगातार चोरी की घटनाएँ हो रही हैं। जैसे ही लोग मंच पर रामायण का दृश्य देखने में मशगूल होते हैं, चोरों का हाथ सामान पर साफ हो जाता है। खासतौर मेंले और स्टॉल के आसपास इस तरीके की वारदात ज्यादा हो रही हैं। भीड़ में लिटिल चोर और महिलाओं का गैंग एक्टिव बताया जा रहा है। पीड़ितों की मानें तो कई बार शक के आधार पर किसी को पकड़ने पर वह रोने-धोने लगता है और कहता है कि उसने कुछ नहीं किया। लेकिन जैसे ही भीड़ ढीली होती है, वह मौका पाकर गायब हो जाते हैं। वहीं पुलिस भी इनपर कोई एक्शन नहीं ले रही है।

### पुलिस की मौजूदगी पर उठे सवाल

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के आदेश पर अतिरिक्त फोर्स और उपनिरीक्षकों को मेले में तैनात किया गया है। कई प्रमुख रामलीलाओं का निरीक्षण डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने किया भी है, लेकिन चोरी की वारदातों ने पुलिस की चौकसी की पोल खोल दी है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब बाउंसर और पुलिस दोनों मौजूद हैं, तो चोर इतनी आसानी से कैसे सक्रिय हैं।

### गैंग के सक्रिय होने की पुष्टि

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह वारदातें किसी संगठित गैंग का काम लग रही हैं। ये जेबकतरे अक्सर 3-4 के ग्रुप में काम करते हैं—एक व्यक्ति भीड़ में धक्का-मुक्की करता है, दूसरा सामान पार करता है और तीसरा साथी उसे तुरंत आगे बढ़ा देता है। कैमरे लगे होने के बावजूद यह गैंग इतनी सफाई से वारदात करता है कि पहचान मुश्किल हो जाती है।

### सावधान नहीं हुए तो हो सकता है बड़ा नुकसान

करंट क्राइम : रामलीला समितियाँ अब माइक पर लगातार चेतावनी दे रही है अपने मोबाइल और पर्स पर नजर रखें, बच्चों को अकेला न छोड़ें, भीड़ में सतर्क रहें। समितियों का कहना है कि लापरवाही दर्शकों के लिए भारी पड़ सकती है।

### वीआईपी मूवमेंट पर ही दिखती है सख्ती

करंट क्राइम : लोगों का आरोप है कि पुलिस और अधिकारी केवल वीआईपी मूवमेंट के समय ही मुस्तैद दिखते हैं। बाकी दिनों में उनकी मौजूदगी नाममात्र रह जाती है। ऐसे में लिटिल चोरों को खुली छूट मिल रही है।

# नगर निगम का स्टीकर लगाकर रेलवे अंडरपास से हो रही थी मिट्टी की ढुलाई

## नगर आयुक्त को पत्र लिखकर दिया था प्रस्ताव





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अभी तक तो वाहनों पर लोग पुलिस और प्रेस का स्टीकर लगा लेते थे। बीते दिनों गाजियाबाद में एक फर्जी दूतावास भी पकड़ा गया और हाल ही में पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ़्तार किया जो अपने वाहन पर आरएसएस का बोर्ड लगातार चलता था और रोब गालिब करता था, लेकिन अब तीन ऐसे ट्रक पकड़े गए हैं जो नगर निगम का स्टीकर लगाकर चल रहे थे और नगर निगम देखकर इन ट्रकों को कोई रोकता नहीं था। मामला बृजविहार कड़कड़ मॉडल का है। यहां रेलवे द्वारा अंडरपास का निर्माण हो रहा था। इसी बीच क्षेत्रीय पार्षद विनय चौधरी जब यहां से गुजरे तो उन्हें नगर निगम गाजियाबाद लिखे हुए तीन ट्रक दिखाई दिये। ये ट्रक यहां से मिट्टी उठा रहे थे। पार्षद को शक हुआ तो उन्होंने निगम अधिकारियों को फोन किया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार ने पार्षद के फोन पर तत्काल एक्शन लिया और वो मौके पर जोनल प्रभारी सुनील राय तथा निगम के दस्ते के साथ पहुंच गए। बताया जाता है कि यहां चार ट्रक थे जिनमें एक ट्रक चालक फरार हो गया और तीन ट्रक मौके पर ही पकड़े गये। जब इनकी जांच हुई तो पाया गया कि ये ट्रक कनावनी के रहने वाले किसी व्यक्ति के हैं और नगर निगम से इनका कोई लेना-देना नहीं है। नगर निगम के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा था। नगर निगम की ओर से इस मामले में कार्यवाही की जा रही है।

## संपादकीय

# लेह में हिंसा

पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लद्दाख में चल रहा प्रदर्शन हिंसक हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की अगुआई में लंबे वक्त से यह मांग है और इसे लेकर केंद्र से कई दौर की बातचीत भी हो चुकी है। लेकिन, इस दौरान हिंसा का हो जाना चिंताजनक है। सब्र टूट रहा सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35अ के प्रावधान हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था। तब सरकार ने वादा किया था कि हालात सामान्य होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। ऐसा लगता है कि 6 साल बाद लोगों का भरोसा और सब्र डगमगाने लगा है। लंबा आंदोलन सोनम वांगचुक इस मुद्दे पर कई महीनों से आंदोलन कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में वह 21 दिनों के आमरण अनशन पर बैठे थे, फिर दिल्ली तक पदयात्रा निकाली। इस समय भी उन्होंने 15 दिनों का अनशन शुरू किया था, लेकिन एक दिन पहले दो लोगों की तबीयत बिगड़ी और हालात काबू से बाहर हो गए। हिंसा हल नहीं लेह में हुए प्रदर्शन को त्रील्ल-` का आंदोलन कहा जा रहा है। कुछ दिनों पहले यही पीढ़ी नेपाल में सत्ता बदल चुकी है। लेकिन, नेपाल और लद्दाख की तुलना नहीं की जा सकती। और न ही हिंसा को किसी भी तरह जायज ठहराया जा सकता है। सोनम वांगचुक का पूरा आंदोलन अहिंसक रहा है। सरकार से मतभेद होने के बावजूद उन्होंने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। उनके समर्थन में खड़े युवाओं को भी इसी व्यवहार का पालन करना चाहिए। हिंसा से समस्या और जटिल हो जाएगी। डर दूर किया जाए समाधान क्या हो सकता है, इसके लिए लद्दाख के लोगों की चिंता पर संवेदनशीलता से विचार करने की जरूरत है। उनमें यह डर है कि अगर शासन उनके हाथ में न रहा तो प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन होगा। छठी अनुसूची स्वायत्त और स्वशासन के कुछ विशेष अधिकार देती है। असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्र इस सूची के तहत सुरक्षित हैं। बातचीत जारी रहे केंद्र सरकार और आंदोलन में शामिल लेह एपेक्स बॉडी व कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के बीच 6 अक्टूबर को बातचीत प्रस्तावित है। इस हिंसा की छाया वार्ता पर नहीं पड़नी चाहिए। लोगों में यह विश्वास पैदा करना जरूरी है कि फैसलों में लद्दाख के हितों का ख्याल रखा जाएगा। इसका सबसे बेहतर तरीका है पारदर्शिता। वहीं, जनता को भी समझना होगा कि सरकार के लिए हर मांग मानना और तुरंत मानना संभव नहीं होता।

## 'हाइड्रोजन है भविष्य का ईंधन', केंद्रीय मंत्री पुरी बोले- 2030 तक पांच मिलियन टन करेंगे उत्पादन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। उन्होंने याद दिलाया कि भारत का लक्ष्य 2030 तक सालाना 5 मिलियन टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इसे एक मजबूत नीतिगत ढांचे और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 19,700 करोड़ रुपये का समर्थन प्राप्त है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाइड्रोजन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन न केवल भविष्य का ईंधन है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का एक प्रमुख स्तंभ है।



### भारत का हाइड्रोजन उत्पादन लक्ष्य

केंद्रीय मंत्री पुरी ने याद दिलाया कि भारत का लक्ष्य 2030 तक सालाना 5 मिलियन टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इसे एक मजबूत नीतिगत ढांचे और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 19,700 करोड़ रुपये का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि दुनिया का हर इलेक्ट्रोलाइजर निमार्ता यहां आ रहा है क्योंकि उन्हें इसमें संभावनाएं दिख रही हैं।

### जैव ईंधन सम्मिश्रण में भारत की उपलब्धि

जैव ईंधन सम्मिश्रण को अपनाने की उपलब्धि के बारे में बात करते हुए पुरी ने कहा कि हमने 2020 तक 10 प्रतिशत जैव ईंधन सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा था। और हमने इसे पांच महीने पहले ही हासिल कर लिया। फिर हमने अपने लिए, 2020 नहीं, बल्कि मुझे लगता है कि 2022 का लक्ष्य रखा। फिर हमने 20 प्रतिशत का लक्ष्य रखा, मुझे लगता है कि 2030 तक। पहला लक्ष्य हमने पांच महीने पहले ही हासिल कर लिया। अगला लक्ष्य हमने छह साल पहले ही हासिल कर लिया।

### हाइड्रोजन उत्पादन की लागत कम करने के प्रयास

पानीपत में इंडियन ऑयल के हरित हाइड्रोजन संयंत्र और विशाखापत्तनम में टोक्यो एनर्जी की प्रतिस्पर्धी बोलियों जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए, मंत्री ने बताया कि कैसे भारत की हाइड्रोजन उत्पादन लागत लगातार कम हो रही है, जो बढ़ते निवेशक विश्वास और प्रौद्योगिकी परिपक्वता का संकेत है।

### हाइड्रोजन मिशन का उद्देश्य

उन्होंने भारतीय सौर ऊर्जा निगम की हरित अमोनिया निविदाओं की ओर भी इशारा किया। मंत्री ने हरित अमोनिया को प्राकृतिक गैस की तुलना में इसके संभार-तंत्रीय लाभों को देखते हुए निर्यात का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

## मेक इन इंडिया की 11वीं वर्षगांठ: पीयूष गोयल बोले- इस विजन ने भारत को वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति में बदल दिया



**नई दिल्ली।** कंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मेक इन इंडिया की 11वीं वर्षगांठ पर कहा कि इस विजन ने भारत को वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति में बदल दिया है। उन्होंने युवा और महिला उद्यमियों की ऊर्जा से प्रेरित भारत के फलते-फूलते स्टार्टअप इकोसिस्टम पर भी प्रकाश डाला। इसने देश को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

मेक इन इंडिया की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर कंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इसकी उपलब्धियों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस विजन ने भारत को वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति में बदल दिया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2014 में शुरू की गई मेक इन इंडिया पहल का उद्देश्य देश के औद्योगिक आधार को पुनर्जीवित करना और देश को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाना था।

### यह उपलब्धियां दशार्ती हैं कि भारत कितनी दूर आ गया है

गोयल ने सोशल मीडिया एक्स पोस्ट में कहा कि इन वर्षों में रिकॉर्ड एफडीआई प्रवाह, व्यापार करने में आसानी में व्यापक सुधार, वैश्विक स्तर पर दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निमार्ता के रूप में हमारी उन्नति, निर्यात में तेजी और रक्षा उत्पादन का विस्तार, ये सभी दशार्ते हैं कि हम कितनी दूर आ गए हैं।

### स्टार्टअप में युवा और महिला उद्यमियों की भूमिका

इस औद्योगिक पुनरुद्धार की आधारशिला उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना रही है। इसे गोयल ने कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन का श्रेय दिया। उन्होंने युवा और महिला उद्यमियों की ऊर्जा से प्रेरित भारत के फलते-फूलते स्टार्टअप इकोसिस्टम पर भी प्रकाश डाला।

# लगातार पांचवें दिन फिसला बाजार

## सेंसेक्स 556 अंक टूटा, निफ्टी 24900 के नीचे




**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को भारतीय बाजार लगातार पांचवें दिन लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बड़ी बिकवाली के बाद 555.95 अंक गिरकर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 166.05 अंक गिरकर 24,890.85 अंक पर आ गया।

शेयर बाजार गुरुवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी तथा अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क को लेकर चिंता के कारण सेंसेक्स 555.95 अंक टूट गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 555.95 अंक या 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,159.68 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 622.74 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 81,092.89 अंक पर आ गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 166.05 अंक या 0.66 प्रतिशत गिरकर 24,890.85 पर आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धियों में कमजोर रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। रुपया अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.68 (अनंतिम) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 7 पैसे अधिक है। यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुआ। यूरोप के बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 68.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.55 प्रतिशत घटकर 68.93 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,425.75 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। बुधवार को सेंसेक्स 386.47 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरकर 81,715.63 पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस पिछड़ गए। वहीं भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल प्रमुख लाभ में रहे।

### वैश्विक चुनौतियों से निवेशकों का भरोसा डगमगाया

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि निफ्टी आज मनोवैज्ञानिक 25,000 अंक से नीचे फिसल गया, जिससे मंदी का दौर और गहरा गया। वैश्विक और घरेलू स्तर पर कई चुनौतियों ने निवेशकों का भरोसा डगमगाया। लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी, रिकॉर्ड स्तर पर कमजोर रुपया और अमेरिकी एच- 1बी वीजा शुल्क वृद्धि को लेकर नई चिंताएं, जिसे भारतीय आईटी आय पर नकारात्मक प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। इन सबने मिलकर बाजार की धारणा को खराब किया है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि एक डबल इंद्रधनुष है तो दुसरे वाले के रंग प्राथमिक या पहली इंद्रधनुष के विपरीत क्रम में होते हैं।
- एक चंद्र इंद्रधनुष या चंद्रधनुष देखने के लिए, चंद्रमा केवल पूर्ण ही नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सूर्योदय से 2 से 3 घंटे के भीतर आकाश में 42 डिग्री से भी कम होना चाहिए, और निश्चित रूप से, बारिश बिल्कुल उस सटीक पल पर चंद्रमा के विपरीत होनी चाहिए।
- बहुत ही दुर्लभ अवसरों पर एक तीसरा और चौथा इंद्रधनुष भी हो सकता है। कुछ इंद्रधनुष में केवल एक रंग होता है और इसे 'मोनोक्रोम इंद्रधनुष' कहा जाता है।
- आकाश में यदि सूर्य कम ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष ऊंचाई पर बनता है और यदि आकाश में सूर्य अधिक ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष काफी नीचे बनता है।
- इंद्रधनुष ने प्राचीन मिथकों में योगदान दिया है। ग्रीक लोगों का मानना? था कि इंद्रधनुष ने स्वर्ग और पृथ्वी के बीच एक पुल प्रदान किया था।
- इंद्रधनुष रंगावली का क्रम लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नीलिगो, बैंगनी है।

## राशिफल

**मेष :** दूसरों की बात मानकर निवेश करेंगे तो आर्थिक नुकसान लगभग तय है। यह समझने का समय है कि क्रोध पागलपन है और यह नुकसान की ओर धकेल सकता है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। कोई सोचा हुआ काम आज पूरा होगा। किसी करीबी को आपसे कुछ उम्मीदें होंगी, आप उन उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

**मिथुन :** आज निर्धारित कार्य पूरे न होने से निराशा होगी। खर्च भी बढ़ेगा। वाहन से सावधान रहें, चोट भी लग सकती है। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा।

**कर्क :** आप अच्छा पैसा कमा सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक रूप से निवेश करें। परिवार के सदस्यों के साथ आराम से और शांतिपूर्ण दिन का आनंद लें।

**सिंह :** सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें तो अधिकांश काम पूरे हो सकते हैं। दूसरों की समस्याओं से विचलित हो सकते हैं। पैसों से जुड़े कुछ काम आज रुक सकते हैं।

**कन्या :** आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा। आप भी अपने जीवन में धर्म के महत्व को जानना चाहेंगे। इस मार्ग पर चलने से आपको सुख की प्राप्ति होगी।

**तुला :** प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना करेगा। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी-लेकिन आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगी।

**वृश्चिक :** मन अध्यात्म की ओर अधिक झुक सकता है। किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। धैर्य और समझदारी के साथ काम को करने का प्रयास करेंगे।

**धनु :** आज लंबे समय से चली आ रही परेशानियां खत्म हो सकती हैं। चीजों और लोगों को जल्दी से आंकने की क्षमता आपको दूसरों से आगे बनाए रखेगी।

**मकर :** दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। किसी पुराने दोस्त से उसके घर जा सकते हैं। यात्रा से बचने की कोशिश करें। थका हुआ और तनावग्रस्त महसूस कर सकते हैं।

**कुंभ :** आज आप अपने जीवन को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे. तनाव कम करने के लिए आपको अपने दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाना चाहिए। आत्मविश्वास से भरे रहेंगे।

**मीन :** उच्च आत्मविश्वास का सदुपयोग करें। व्यस्त दिन के बावजूद, ऊर्जा और ताजगी हासिल करने में सक्षम होंगे। रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा रिटर्न देंगे।

## चुटकुले

एक आदमी ने भगवान से पूछा कि आपके लिए करोड़ों साल कितने होते हैं ?
भगवान एक सेकंड के बराबर
आदमी और करोड़ों रुपए ?
भगवान एक फूटी कौड़ी के बराबर
आदमी तो क्या, आप मुझे एक फूटी कौड़ी दे सकते हैं?
भगवान क्यों नहीं , रुक एक सेकंड

---

पप्पू जंगल में जा रहा था तभी एक सांप ने पैर पर काट लिया।
पप्पू को गुस्सा आया और टांग आगे करके बोला, ले काट ले जितना काटना है काट ले।
सांप ने फिर तीन-चार बार काटा और थक कर बोला, अबे तू इंसान है भूत?
पप्पू, मैं तो इंसान ही हूं लेकिन मेरा यहां पैर नकली है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# दिवाली से पूर्व जगमग होगा शहर, सजाए जाएंगे प्रमुख चौराहे और मार्ग, नगर आयुक्त ने टीम संग बनाई योजना

## निगम की हर गली और मोहल्ले में तेजी से चल रहा है लाइटों की मरम्मत का कार्य

### सांझ ढलते ही वार्डों में निरीक्षण करें अधिकारी, प्रकाश व्यवस्था हेतु बढ़ाई जाए मॉनिटरिंग : नगर आयुक्त









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह का मालिक द्वारा दीपावली से पूर्व शहर की प्रकाश व्यवस्था और अधिक बेहतर करने के लिए अधिकारियों से बैठक की गई, बैठक में वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव तथा प्रभारी प्रकाश आश कुमार को भी शहर के प्रमुख चौराहा तथा मुख्य मार्गो को सजाने की तैयारी प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें पूर्व की भांति इस वर्ष भी आकर्षक लाइटों को लगाने के लिए कहा गया है, पांचों जोन अंतर्गत आने वाले वार्डों में भी लाइटों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जाए तथा क्षेत्रीय पार्षदों से भी संपर्क स्थापित करते हुए प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए'

40 से 50 हजार नई लाइट की व्यवस्था गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग द्वारा शहर के लिए की गई है, ऐसे स्थान जहां पर अंधेरा है उनको चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है तथा अंधेरे वाले स्थानों को प्रकाशमय बनाया जा रहा है, जिसके लिए क्षेत्रीय पार्षदों तथा निवासियों का सहयोग भी निगम ले रहा है, कौशांबी से लेकर मोहन नगर चौराहे तक, हिंडन एयर फोर्स से नागद्वार तक, अप्सरा बॉर्डर से लेकर मोहन नगर चौराहे तक, हापुर चुंगी से लेकर ठाकुरद्वारा तक, लाल कुआं से लेकर चौधरी मोड़ तक, यूपी गेट व अन्य प्रमुख मार्गो लाइट व्यवस्था दुरस्त है अधिकारियों द्वारा निगरानी रखी जा रही है, नगर आयुक्त द्वारा आंतरिक वार्ड में भी सूरज डालने के बाद निरीक्षण करने के निर्देश टीम को दिए गए हैं तथा अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा है'

घंटाघर चौराहा, कलेक्ट्रेट मार्ग, होली चाइल्ड चौराहा नेहरू नगर, सम्राट चौक विजयनगर, शालीमार गार्डन चौराहा, मोहन नगर चौराहा, कौशांबी चौराहा, हापुर चुंगी चौराहा, व अन्य पर आकर्षक लाइट रंग बिरंगी लगाने के लिए योजना बनाई जा रही है पूर्व में भी प्रमुख मार्गो को सजाया गया था जिसकी प्रशंसा शहर वासियों द्वारा की गई इस बार और अधिक बेहतर लाइट व्यवस्था के साथ-साथ आकर्षक लाइट लगाने का कार्य किया जाएगा प्रतिदिन लाइटों को मरम्मत करने का कार्य भी जोरों से चल रहा है'

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन

## थिंक हेल्थ, थिंक फामेर्सी थीम पर छात्रों और विशेषज्ञों ने साझा किए विचार



**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस अत्यंत उत्साहपूर्वक ह्लथिंक हेल्थ, थिंक फामेर्सीह्व थीम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और उद्योग विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि श्री चेतन गुप्ता, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट झ्र कॉर्पोरेट अफेयर्स, एमक्योर फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, ने फार्मास्युटिकल उद्योग के बदलते परिदृश्य, नियामक ढांचे और फार्मासिस्ट की नैतिक जिम्मेदारियों पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। वहीं श्री राजेश यादव, फार्मासिस्ट (सीएचसी मुरादनगर), ने जमीनी स्तर पर दवा की उपलब्धता, रोगी परामर्श और औषधियों के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया।

विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों में डॉ. अंजुल अग्रवाल (प्रो चांसलर), प्रो. (डॉ.) डी.के. शर्मा (कुलपति), डॉ. पूजा अरोड़ा (प्राचार्य), डॉ. नीलम सिंह (अकादमिक समन्वयक) और डॉ. विनोद कुमार (रजिस्ट्रार) की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर सुश्री फौजिया सैफी एवं सुश्री अंशिका भारद्वाज ने प्रभावशाली ढंग से किया। छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने जागरूकता गतिविधियों, संवाद सत्रों और फामेर्सी के भविष्य पर चर्चा में सक्रिय भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. आर.के. रॉय, डॉ. अक्लव्य सिंह, रीतु चौहान, दीप्ति अग्रवाल, शिव कुमार शर्मा, अमित कुमार, मोहित कुमार, ट्विंकल कुमारी, शिवानी छजलाना, हर्ष शर्मा, सोनाक्षी त्यागी, अरशद सैफी और रिया त्यागी जैसे समर्पित समन्वयकों का विशेष योगदान रहा।

# ननिहाल से लौट कर भरत को पता चली सच्चाई वन से भाई राम की खड़ाऊं लेकर वापस लौटे भरत





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री रामलीला समिति राजनगर की ओर से चल रही रामलीला में भरत के ननिहाल से लौट कर आने के बाद के प्रसंग प्रस्तुत किए गए।

राम, लक्ष्मण और सीता के वन गमन के पश्चात उनके वियोग में राजा दशरथ के प्राण पखेरू उड़ जाते हैं। उनकी मृत्यु के पश्चात अयोध्या नगरी में चारों ओर हाहाकार मचा हुआ हैं। राजा की मृत्यु के बाद राजकुमार भरत को तत्काल उनकी ननिहाल से बुलाया जाता हैं। अयोध्या वापस लौटने पर जब भरत को सारी स्थितियों का पता चलता हैं तो वह अपनी माता कैकेयी को काफी खरी खोटी सुनाते हैं। पिता का दाह संस्कार करने के बाद वह गुरु, मंत्री, तीनों माताओं व अन्य दरबारियों के साथ चित्रकूट के वन में श्री राम से मिलने पहुँचते हैं और वापस अयोध्या लौटने का आग्रह करते हैं। राम द्वारा मना करने पर वह भारी मन से राम जी की चरण पादुका सिर पर धारण करके वापस अयोध्या लौटते हैं। इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल, पार्षद प्रवीण चौधरी, राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, राधेश्याम सिंघल, सुभाष शर्मा, महावीर बंसल, आलोक मित्तल, दीपक मित्तल , अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, सुन्दर लाल यादव, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, जेपी राणा, श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती मंजू त्यागी, श्रीमती प्रीति मित्तल सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे

# श्रीराम वन गमन से दशरथ मरण तक... भावुक कर गई श्री सुल्लामल रामलीला की लीला







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी ने प्रत्येक वर्ष की भांति राम वन गमन की मार्मिक लीला का मंचन किया। लीला का आरम्भ डासना गेट पर हुआ।

वन गमन और केवट प्रसंगः राजा दशरथ के दोनों वरदानों को पूरा करने के लिए पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण के साथ वन के लिए प्रस्थान करते हैं। समस्त नगरवासी उन्हें रोकने का प्रयास करते हैं, लेकिन प्रभु राम अपने मुखमंडल पर हल्की मुस्कुराहट के साथ उनसे विदाई लेते हैं और तपस्वी वेष धारण करके वन की ओर बढ़ते हैं। आगे की लीला रामघाट मन्दिर में हुई। सुमन्त विदाई के बाद प्रभु राम ने केवट को नाव लाने के लिए पुकारा। केवट ने नाव लाने से पहले प्रभु के चरण धोने की हठ कर ली। उसने कहा, प्रभु, मैंने तुम्हारा भेद जान लिया है। सभी कहते हैं कि तुम्हारे पैरों की धूल से एक पत्थर सुंदर स्त्री बन गई थी। मेरी नाव तो लकड़ी की है, कहीं इस नाव पर तुम्हारे पैर पड़ते ही ये भी स्त्री बन गई तो, मैं लुट जाऊंगा। यही नाव मेरे परिवार का भरण-पोषण करती है। केवट ने श्रीराम से अपने पैर धोने की अनुमति मांगी, जिसके बाद ही वह गंगा पार करवाएगा। लक्ष्मण को गुस्सा आया, लेकिन श्रीराम ने उन्हें शांत किया और केवट के आग्रह को स्वीकार कर लिया। इसके बाद केवट ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और निषादराज को अपनी नाव में बैठाकर गंगा नदी पार करवा दी।

दशरथ मरण का मार्मिक दृश्यः गंगा पार करने के बाद राम, लक्ष्मण व सीता नाव में बैठकर रमते राम रोड बाजार से होते हुए रामलीला मैदान मंच पर पहुँचे। मंच पर अयोध्या में राजा दशरथ के वियोग का दृश्य मंचित हुआ। रामचंद्र जी के वियोग से दुखी दशरथ ने अपनी अंतिम पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि उनका अंतिम समय आ चुका है और वह राम को अब कभी नहीं देख सकेंगे। अपनी समस्त इंद्रियों को विदा होते हुए देख उन्होंने जोर-जोर से राम, लक्ष्मण और सीता को पुकारना शुरू किया। पुकारते-पुकारते ही राजा दशरथ की वाणी थम गई और उनके प्राण पखेरू उड़ गए। इनका रहा सहयोगः लीला के सफल मंचन में मुख्य रूप से अध्यक्ष अजय बंसल, नरेश अग्रवाल, सुधीर गोयल मोनू, वीरेंद्र कुमार वीरो, उस्ताद अशोक गोयल, संजीव मित्तल, अनिल चौधरी, सुनील गर्ग, सुभाष शर्मा, अनिल अरोड़ा, प्रदीप मित्तल, रविंद्र मित्तल, पार्षद नीरज गोयल, नंद किशोर शर्मा, सुभाष बजरंगी, अजय गुप्ता, रविन्द्र मित्तल, अनिल गर्ग, जय वीर शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन ने स्कूल में लगाया दंत चिकित्सा शिविर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की महिला विंग एवं सारथी क्लब की ओर से गुरुवार को नेहरू नगर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका कॉलेज में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 90 से ज्यादा बच्चों ने अपने दातों की जांच कराई। जिन बच्चों के दांतों में समस्या पाई गई उन्हें चिकित्सक के क्लीनिक पर निशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर का डॉ विनय मित्तल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनीष गर्ग, महिला अध्यक्ष मुक्ता बंसल, बबीता गर्ग, दीपा गर्ग, रश्मि सिंघल डॉक्टर अखिल सिंघल, सोमैया शेखर आदि उपस्थित थे।

# 15 अक्टूबर तक न कराए नवीनीकरण तो निष्क्रिय सूची में जाएंगे निर्माण श्रमिक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ऐसे सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जिनका पंजीयन कार्ड पिछले चार वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकृत नहीं हुआ है, उन्हें 15 अक्टूबर 2025 के बाद निष्क्रिय सूची में डाल दिया जाएगा। यह जानकारी उप श्रमायुक्त गाज़ियाबाद अनुराग मिश्र ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

उन्होंने बताया कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 1.87 करोड़ से अधिक निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें से केवल 13.83 लाख ही समय पर नवीनीकरण करा पाए हैं। जबकि 42 लाख से अधिक श्रमिकों का नवीनीकरण चार वर्ष से लंबित है।

**उप श्रमायुक्त अनुराग मिश्र ने जारी की चेतावनी**

**जनपदवार लंबित संख्या इस प्रकार है:**

| | |
|---|---|
| गाजियाबाद | 2,92,141 |
| हापुड़ | 1,40,462 |
| बुलंदशहर | 2,72,828 |

कुल : 5,79,431 पंजीकृत निर्माण श्रमिक

# श्री आदर्श रामलीला कमेटी भोपुरा में लक्ष्मण परशुराम संवाद का भव्य मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भोपुरा गांव में चल रही में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला का भव्य आयोजन हो रहा है। इस रामलीला में राम-जानकी मिलन और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का सजीव मंचन किया गया, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए और तालियों से कलाकारों का स्वागत किया।- हर दिन शाम 7 बजे आरती के साथ रामलीला का मंचन प्रारंभ होता है।

रामलीला के दौरान बच्चों के लिए झूले, खाने के स्वादिष्ट व्यंजन, और घरेलू सामानों के स्टाल भी लगे हैं, जिससे मेला स्थल पर उत्सव का माहौल है। श्री आदर्श रामलीला कमेटी में ओमेंद्र कसाना विनोद कसाना चंद्रप्रकाश चौहान ब्रह्म प्रकाश चंदेल अशोक दरोगा बालकृष्ण शर्मा संजय शेखावत जितेंद्र आशु भाटी गब्बर सिंह आदि लोग मौजूद रहे। हजारों दर्शकों ने इस अद्भुत मंचन का आनंद लिया और इसे बेहद सराहा। दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और कलाकारों की सराहना की।

# इंग्लैंड दौरे से कितनी अलग है विंडीज टेस्ट सीरीज के लिए टीम? करुण-पंत की जगह इन खिलाड़ियों ने ली



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का एलान कर दिया है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज की शुरूआत दो अक्तूबर से होगी। भारत इस सीरीज में शुभमन गिल की अगुआई में खेलने उतरेगा, जबकि चयनकताओं ने रवींद्र जडेजा के रूप में नया उपकप्तान चुना है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के लिए गई भारतीय टीम की तुलना में विंडीज के लिए टीम में बदलाव हुए हैं।

चयनकताओं को कुछ बदलाव इसलिए करने पड़े क्योंकि पंत अपनी चोट से पूरी तरह नहीं उबर सके, जबकि करुण नायर को दोबारा मौका नहीं मिलना उम्मीद के अनुरूप ही है। इंग्लैंड दौरे के लिए तीन प्रकार की टीम चुनी गई थी। पहले तीन मैचों के लिए 19 सदस्यीय खिलाड़ी थे, जबकि चौथे टेस्ट के लिए 17 और पांचवें टेस्ट के लिए 18 सदस्यीय खिलाड़ी टीम में शामिल थे। पंत की अनुपस्थिति में जुरेल विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे और दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जगदीशन होंगे। वहीं, करुण की जगह देवदत्त पडिक्कल को टीम में स्थान मिला है।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले तीन टेस्ट के लिए अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, ऋषभ पंत, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और आकाश दीप को टीम में शामिल किया गया था। इनमें से कुछ खिलाड़ी स्टैंडबाई के तौर पर टीम से जुड़े थे। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, अंशुल कंबोज, पंत, केएल, जुरेल, बुमराह, सिराज, प्रसिद्ध, आकाश दीप और कुलदीप जैसे खिलाड़ी शामिल थे। लेकिन पांचवें टेस्ट के लिए गिल, यशस्वी, साई, ईश्वरन, करुण, जडेजा, वाशिंगटन, शार्दुल, कंबोज, केएल, जुरेल, जगदीशन, बुमराह, सिराज, प्रसिद्ध, आकाश, कुलदीप और अर्शदीप टीम में शामिल थे।

भारत के 12 खिलाड़ी ऐसे हैं जो इंग्लैंड दौरे पर भी टीम में शामिल थे और इन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए भी मौका दिया गया है। इन खिलाड़ियों में गिल, यशस्वी, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, जडेजा, वाशिंगटन, बुमराह, नीतीश रेड्डी, सिराज, प्रसिद्ध और कुलदीप यादव शामिल हैं। इंग्लैंड दौरे पर शामिल रहे करुण, पंत, शार्दुल, अर्शदीप, आकाश दीप, हर्षित, कंबोज और अभिमन्यु को वेस्टइंडीज दौरे के लिए नहीं चुना गया है। इनमें से हर्षित, कंबोज, अर्शदीप और पंत सभी पांच मैच के लिए टीम में शामिल नहीं थे। पंत को चोट के कारण आखिरी मैच के लिए टीम से रिलीज किया गया था। वहीं, हर्षित सिर्फ पहले तीन मैच के लिए टीम में थे, जबकि कंबोज चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए टीम से जुड़े थे और अर्शदीप चौथे मैच को छोड़कर शेष अन्य मैचों के लिए टीम में थे।

# चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए प्रणय, किरण-आयुष के हारने से पहले ही दिन भारतीय चुनौती समाप्त

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय का सफर कोरिया मास्टर्स सुपर 500 टूनामेंट में निराशाजनक तरीके से समाप्त हुआ क्योंकि वह चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए और आगे मैच जारी नहीं रख सके। वहीं, आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज को भी अपने-अपने मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा जिससे मुख्य ड्रॉ के पहले ही दिन भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

प्रणय इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वाडोयो के खिलाफ पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे तब क्रॉस-कोर्ट स्मैश खेलते समय उनकी दाहिनी पसली में चोट लग गई। मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद उन्होंने खेल फिर से शुरू किया लेकिन असहज दिखे और 8-16 के स्कोर पर मुकाबले से हटने के लिए मजबूर हो गए। यूएस ओपन सुपर 300 के रूप में मौजूदा सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेट्टी को चीनी ताइपे के सु ली यांग के खिलाफ




47 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। किरण जॉर्ज ने पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी को 14-21, 22-20, 14-21 से हार झेलनी पड़ी।

महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय चौथी वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी पुत्री वदार्नी से 16-21, 15-21 से हार गईं। मिश्रित युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान को जापान के युइची शिमोगामी और सयाका होबारा के खिलाफ 7-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय धनेश त्यागी को श्रद्धांजलि



करंट क्राइम। निगम पार्षद राधेश्याम त्यागी के भाई धनेश त्यागी का 17 सितंबर को निधन हो गया था। उनकी रसम पगड़ी 13वीं तथा शोक सभा मकनपुर में आयोजित की गई। स्वर्गीय धनेश त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने स्वर्गीय धनेश त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शोक की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार के बलराम त्यागी, मूलचंद त्यागी ,गजराज त्यागी, ओमप्रकाश त्यागी, पार्षद राधेश्याम त्यागी ,अजय त्यागी, प्रमोद त्यागी, संदीप त्यागी, राजकुमार त्यागी ,सुनील त्यागी, सचिन त्यागी, अंकुर त्यागी, अक्षय त्यागी मौजूद रहे।

## इंदिरापुरम वार्ड 98 में पार्षद डॉ अनिल तोमर ने चलाया सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 98 में सेवा पखवाड़े के तहत एक महत्वपूर्ण सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का आयोजन मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत किया गया था।



इस अभियान के अंतर्गत एक दिन एक घंटा एक साथ मिशन के तहत वार्ड के निवासियों और सफाई मित्रों ने मिलकर अपने वार्ड की सफाई की। पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और वार्ड के निवासियों के साथ सहभागिता की। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य वार्ड को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। इस अभियान के माध्यम से वार्ड के निवासियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें अपने वार्ड की सफाई में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है और हमें अपने वार्ड को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। उन्होंने वार्ड के निवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने वार्ड को स्वच्छ बनाने में योगदान करें। इस मौके पर बृज विहार मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी मौजूद रहे।

# रोटी बनाते वक्त थूंकने वाला आरोपी कारीगर गिरफ्तार



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** ग्रामीण जोन पुलिस थाना अंकुर विहार टीम ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर बड़ी कार्रवाई की है। विजय विहार स्थित करीम होटल में रोटी बनाते समय थूकने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है कि 22 सितंबर को यह वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद होटल संचालक के खिलाफ भी लोगों में आक्रोश देखने को मिला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 272/274/275 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

19 वर्षीय है आरोपी कारीगर

करंट क्राइम : पुलिस ने बताया है कि गहन तलाश के बाद पुलिस ने आरोपी राजा उर्फ सहज (19 वर्ष) निवासी गढ़ा कालोनी थाना ट्रोनिका सिटी गाज़ियाबाद को 25 सितंबर को दबोच लिया गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए भविष्य में इस तरह की हरकत न करने का वादा किया है।




## किस महिला थ्री- स्टार को मिलेगा मिशन शक्ति का गिफ्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भले ही महिला थ्री- स्टारों की संख्या कम हो पर कम्पटीशन वहां भी खूब होता है। पुलिस के सूत्रों से पता चला है कि आने वाले दिनों में एक महिला थ्री- स्टार को कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कमान दी जायेगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मालूम चला है कि शासन ने स्तर पर निर्देश दिया गया है कि एक थाना या सेल का प्रभारी महिला थ्री-स्टार को बनाना है , जिसके बाद महिला फेस की खोज तेज हो गई है। सुनने में आ रहा है कि वैसे बीते दिनों एक महिला वाला एनकाउंटर के बाद कई चर्चा थी कि क्या इनमें से किसी को कुछ गिफ्ट मिलेगा। पर जैसा मुख्यालय वाले सूत्रों ने बताया है कि एक महिला थ्री-स्टार को कमान मिलेगी तो उनके गेम प्लान पर भी असर पड़ेगा। उधर सुनने में आया है कि नदियापार या देहात वाले जोन से किसी का कनेक्शन बन सकता है। अब देखना होगा किसकी दाल गलती है और कौन सेट होगा। वही पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों का कहना है कि कही ऐसा ना हो कि कुछ फेस और बदले तो इसके साइड इफेक्ट्स भी सामने आ सकते हैं। वैसे जिस तरह से इस बार महिला शक्ति के महा मिशन को महाशक्ति और माहौल के साथ अभियान को चलाया जा रहा है। उससे पुलिस कमिश्नरेट की टीआरपी व सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ भी मिल रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के किस जोन में अधिक महिला कोतवाल बनेगी, या अभियान खत्म होने के साथ ही पूरा माहौल भी दी एन्ड हो जाएगा। वैसे सुनने में आया है कि नदियापार की एक पूर्व थ्री-स्टार को मौका मिल सकता है। पर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों का कहना है कि इस पोस्टिग के लिए डीसीपी से ज्यादा कमिश्नरेट वाले सिस्टम की दो महिला एसीपी स्तर की राय बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली बताई जा रही है। देखना होगा आने वाले नवदुर्गा कब दिनों में किस महिला थ्री- स्टार पर कृपा होती है।



# मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं से एसीपी नंदग्राम का संवाद, एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनी शिक्षिका







**गाजियाबाद (करंट क्राइम) ।** गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में संचालित मिशन शक्ति 5 के तहत गुरुवार को नेहरू नगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर मैं एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने विद्यालय की छात्राओं के साथ संवाद किया। उन्होंने सभी छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान से संबंधित उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने सभी छात्राओं को जीवन में सम्मान और स्वावलंब से जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्र को समृद्ध बनाने में महिलाओं की भूमिका के बारे में भी छात्राओं को बताया। एसीपी नंदग्राम व उनकी टीम ने सभी छात्राओं को पुलिस विभाग के द्वारा किए जा रहे नारी सुरक्षा से संबंधित कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने 1090 वीमेन पावर लाइन,1098 चाइल्डलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन ,108 एंबुलेंस सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा सभी के बारे में सूक्ष्म जानकारी दी।

मिशन शक्ति और नारी सुरक्षा के तहत गाजियाबाद पुलिस की पहल पर आज 1 दिन के लिए डॉ हिंदवी को इंस्पेक्टर सिहानी गेट भी नियुक्त किया गया। डॉक्टर हिंदवी ने भी आज के अपने पुलिस थाने के अनुभवों को छात्राओं के साथ साझा किया। एसीपी की टीम में एसआई दीक्षिका ने छात्राओं को बताया कि दैनिक जीवन में यदि आपको कोई भी परेशानी आती है तो उत्तर प्रदेश पुलिस हमेशा आपके साथ है। आप किसी भी परेशानी में आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। किसी भी बात को छुपाये ना । उन्हीं के साथ ही एसआई टीना रानी ने भी उत्तर प्रदेश पुलिस तथा गाजियाबाद पुलिस के द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। विद्यालय की छात्राओं ने भी उनसे सुरक्षा योजनाओं को लेकर कई प्रकार के प्रश्न किए जिनका उत्तर एसीपी उपासना पांडे ने बहुत ही धैर्य के साथ दिया। सभी को निडर, साहसी और सफलता प्राप्त करने के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा दी। संवाद में चौकी प्रभारी विभांशु तोमर, पवन तिवारी, टीना रानी, दीक्षिका, विद्यालय के प्राचार्य विपिन राठी तथा सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# क्रिप्टो करेंसी/शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 77.52 करोड़ की साइबर ठगी का पर्दाफाश

## थाना साइबर क्राइम गाजियाबाद की बड़ी कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना साइबर क्राइम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए क्रिप्टो करेंसी और शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह निवेश का लालच देकर लोगों को अपने जाल में फंसाता था और करोड़ों रुपये की ठगी करता था। थाना साइबर क्राइम गाजियाबाद में दर्ज तीन अभियोगों का खुलासा हुआ है, जिनमें क्रमशः 58.93 लाख रुपये, 26.62 लाख रुपये और 18.54 लाख रुपये की ठगी सामने आई है। पुलिस ने जांच के दौरान इन रकम को ट्रेस कर बरामद किया। पुलिस के अनुसार गिरोह का नेटवर्क बेहद व्यापक था। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि देश के 19 राज्यों में 136 घटनाओं में यह गैंग शामिल रहा है। इन घटनाओं में कुल 77.52 करोड़ रुपये का साइबर फ्रॉड किया गया। अभियुक्तों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर गिरोह के बाकी सदस्यों तक पहुंचने की कार्रवाई जारी है। पुलिस आयुक्त गाजियाबाद ने कहा कि इस प्रकार के आर्थिक अपराधों पर रोक लगाने के लिए साइबर सेल को और अधिक सशक्त किया जा रहा है।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में मनाया गया वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे

## छात्रों ने सीखा 'डिजाइन थिंकिंग' से स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज ने बुधवार को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट थीम के साथ मनाया। इस अवसर पर फार्मास्युटिकल विज्ञान में उपयोगकर्ता-केंद्रित नवाचार पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नेशनल रिसर्च डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन (एनआरडीसी) के पूर्व-प्रमुख डॉ. गोविंद शर्मा का व्याख्यान रहा। उन्होंने डिजाइन थिंकिंग फॉर फार्मासिस्ट्सः सॉल्विंग हेल्थकेयर चैलेंजेज थ्रू यूजर सेंटर्ड इनोवेशन विषय पर बात की। डॉ. शर्मा ने समझाया कि किस तरह डिजाइन थिंकिंग फार्मासिस्टों को रोगी की वास्तविक जरूरतों को समझने और दवा वितरण प्रणालियों से लेकर उपचारात्मक परिणामों तक, हर चरण में बेहतर समाधान तैयार करने में सक्षम बनाती है। उन्होंने छात्रों से जिज्ञासु बनने और आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के लिए नए विचारों पर प्रयोग करने का आह्वान किया।

इस विशेष आयोजन में विश्वविद्यालय के नेतृत्व ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन प्रमुख थे।

स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की निदेशक प्रो. (डॉ.) शालिनी शर्मा ने फार्मासिस्टों की रोगी सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अनुसंधान में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने छात्रों को निरंतर सीखने और नवाचारों के साथ अपने कौशल को अद्यतन करने की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो अकादमिक ज्ञान को व्यावहारिक कौशल से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा, ऐसे मंच छात्रों में आत्मविश्वास और नवाचारपूर्ण सोच विकसित करते हैं, जिससे वे फार्मास्युटिकल क्षेत्र की नई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकते हैं।

कार्यक्रम का समापन सहायक प्रोफेसर पलक हिंडवाल और अंकुर श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की भविष्य के फार्मासिस्टों को नवोन्मेषी विचारक और समाज के कल्याण में उत्तरदायी योगदानकर्ता के रूप में तैयार करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# कैला भट्टा स्थित नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश, वक्फ बोर्ड की बताकर हड़पने की साजिश

## मेयर ने फिर लिया कड़े एक्शन का संदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में अवैध कब्जों पर चल रही सख़्ती के बीच कैला भट्टा क्षेत्र में नगर निगम की भूमि को हड़पने का नया मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मरकज मस्जिद के पास स्थित इस भूमि को वक्फ की बताकर कब्जाने की कोशिश की जा रही है।



यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले फारुख चौधरी और हाजी खलील द्वारा नगर निगम की इसी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया गया था। उस समय शिकायत दर्ज होने पर तहसील स्तर से जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ था कि विवादित भूमि नगर निगम गाजियाबाद की ही है, जिसके बाद नगर निगम ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को हटवाकर भूमि पर अपना अधिकार स्थापित किया था।

### दोबारा कब्जे की तैयारी

अब वही फारुख चौधरी फिर से इस भूमि को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताकर कब्जा जमाने की साजिश रच रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस बार उसे क्षेत्र के कुछ लोगों का समर्थन भी मिल रहा है, जिससे इस अवैध प्रयास को बल मिल रहा है। नगर निगम के सूत्रों का कहना है कि ये पूरा खेल पहले से सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है ताकि धार्मिक भावनाओं का सहारा लेकर नगर निगम की भूमि को निजी कब्जे में बदला जा सके।

### महापौर हुई सख्त

महापौर सुनीता दयाल को जैसे ही इस मामले की जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल नगर निगम अधिकारियों को सख्त आदेश जारी किए। महापौर ने कहा कि नगर निगम की संपत्ति पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासनिक व वैधानिक कार्रवाई के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि नगर निगम की जमीन को हर हाल में सुरक्षित रखा जाएगा और कब्जा करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम का रुख

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि जिस भूमि को वक्फ की बताकर कब्जाने की कोशिश हो रही है, उसकी पूरी जांच रिकॉर्ड और दस्तावेजों में नगर निगम की संपत्ति के रूप में दर्ज है। ऐसे में दोबारा कब्जे का प्रयास गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इस मामले में यदि अवैध कब्जे की कोशिश की जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

इस पूरे घटनाक्रम ने कैला भट्टा इलाके में हलचल मचा दी है। स्थानीय लोग भी मानते हैं कि नगर निगम की भूमि को वक्फ बताकर कब्जाने की कोशिश न केवल गलत है बल्कि यह क्षेत्र में तनाव भी पैदा कर सकती है। लोग चाहते हैं कि इस पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में कोई भी नगर निगम की जमीन पर इस तरह के प्रयास करने की हिम्मत न जुटा सके।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। डिप्टी एसपी अनिल यादव की ड्यूटी इस कार्यक्रम में लगी थी। उन्होंने प्रदर्शनी को लेकर अपने सुखद अनुभव को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# अलास्का के पास उड़ते दिखे रूसी लड़ाकू विमान अमेरिका ने रोके, एक महीने में तीसरी बार हुई घटना

**वॉशिंगटन ।** यूक्रेन के साथ जारी जंग के बीच रूस और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ रहा है। इस बीच अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने चार रूसी लड़ाकू विमानों को अलास्का के पास उड़ते देखा। उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस रक्षा कमान ने कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने रूस के विमानों को रोक लिया। ऐसा एक महीने में तीसरी और सालभर में नौवीं बार हुआ है।



उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस रक्षा कमान ने कहा कि उसने अलास्का वायु रक्षा पहचान क्षेत्र और दो विमानों का पता लगाया और उन पर नजर रखी। नौ अमेरिकी विमान, जिसमें एक ई-3 सेन्ट्री कमांड और कंट्रोल विमान, चार एफ-16 और चार केसी-135 टैंकर शामिल थे, वह रूसी विमानों की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए तैयार थे। हालांकि अमेरिका ने कहा कि रूसी विमान अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में ही रहा और उसने अमेरिकी या कनाडाई संप्रभु हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया। अलास्का के पास ऐसी रूसी गतिविधियां नियमित रूप से होती रहती हैं और इसे किसी खतरे के रूप में नहीं देखा जाता। यह घटना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि यूक्रेन रूस से खोए गए सभी क्षेत्रों को वापस जीत सकता है। वहीं नाटो ने भी रूस को चेतावनी दी कि वह अपने हवाई क्षेत्र के किसी भी अन्य उल्लंघन के खिलाफ बचाव के लिए सभी साधनों का उपयोग करेगा। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अगर रूसी विमान उनके हवाई क्षेत्र में घुसते हैं तो नाटो देशों को उन्हें मार गिराना चाहिए। बता दें कि इस बैठक दौरान जब ट्रंप से सवाल किया गया- 'क्या आपको लगता है कि नाटो देशों को रूसी विमानों को गिरा देना चाहिए अगर वे उनके हवाई क्षेत्र में प्रवेश करें।

**उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस रक्षा कमान ने कहा कि उसने अलास्का वायु रक्षा पहचान क्षेत्र और दो विमानों का पता लगाया और उन पर नजर रखी। नौ अमेरिकी विमान, जिसमें एक ई-3 सेन्ट्री कमांड और कंट्रोल विमान, चार एफ-16 और चार केसी-135 टैंकर शामिल थे**

# यमन ने इस्राइल पर ड्रोन से किया हमला, ऐलात में धमाका, 22 लोग घायल और दो की हालत गंभीर

**इस्राइल ।** यरूशलम में तनाव और गाजा युद्ध के बीच यमन से दागे गए एक ड्रोन ने इस्राइल के दक्षिणी शहर ऐलात में कहर बरपाया। रेड सी तट पर बसे इस पर्यटक स्थल पर हुए हमले में 22 लोग घायल हुए हैं। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस्राइली सेना ने बताया कि ड्रोन ऐलात क्षेत्र में गिरा और वायु रक्षा प्रणाली इसे रोकने में नाकाम रही। पुलिस के अनुसार यह ड्रोन ऐलात के सिटी सेंटर में गिरा, जिससे आसपास का इलाका क्षतिग्रस्त हो गया। यह जगह अक्सर पर्यटकों से गुलजार रहती है।



इस्राइल की आपातकालीन सेवा मागेन डेविड अडोम ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। इनमें से दो लोगों के पैरों में गंभीर छर्रे की चोटें आई हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की कि सभी घायलों का उपचार जारी है और कई की हालत स्थिर है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक ड्रोन को शहर के ऊपर उड़ते और फिर धुएं के गुबार के साथ गिरते हुए दिखाया गया। हालांकि एएफपी ने इस वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं की है। हमला यहूदी नववर्ष रोश हशनाह के दूसरे दिन हुआ, जिससे सुरक्षा चिंता और बढ़ गई है। पिछले हमलों की पृष्ठभूमि इस्राइल ने हाल ही में भी एलात पर ड्रोन हमले की रिपोर्ट दी थी। यमन के ईरान समर्थित हङ्ख४३ँ विद्रोही गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इस्राइल पर लगातार ड्रोन और मिसाइलें दाग रहे हैं। विद्रोही गुट का कहना है कि वह फलस्तीन के सहयोग में ऐसा कर रहे हैं।

गाजा में युद्ध की आग गाजा पट्टी में इस्राइली सेना ने बुधवार को गाजा सिटी में अपना हमला तेज कर दिया। इस इलाके से लाखों फलस्तीनी विस्थापित हो चुके हैं। हमास के 2023 के हमले के बाद से शुरू हुई जंग अब भी जारी है और क्षेत्र में हिंसा का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

# डलास आईसीई केंद्र में गोलीबारी एक बंदी की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**अमेरिका ।** अमेरिका के डलास शहर में बुधवार सुबह एक हमलावर ने पास की इमारत की छत से राइफल से गोलीबारी की। गोलीबारी का निशाना अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन केंद्र (क्ठए) का दफ्तर था। इस हमले में एक बंदी की मौत हो गई, जबकि परिवहन वैन में सवार दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर ने बाद में खुद भी आत्महत्या कर ली। एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने संदिग्ध की पहचान 29 वर्षीय जोशुआ जहान के रूप में की है।




हमले की वजह साफ नहीं हो पाई है। ऋइक प्रमुख काश पटेल ने एक तस्वीर जारी की, जिसमें घटना स्थल से मिली गोली पर 'एंटी-आईसीई' शब्द मार्कर से लिखा हुआ दिखाई दिया। यह घटना अमेरिका में हाल के सार्वजनिक और निशाना बनाकर किए गए हमलों में से एक है। दो हफ्ते पहले भी रूफटॉप से गोली चलाकर कंजरवेटिव नेता चार्ली किर्क की हत्या की गई थी।

लक्षित हिंसा के रूप में की जा रही घटना की जांच होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कहा, 'हमलावर ने आईसीआई भवन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें एक वैन भी निशाना बनी। उसी दौरान बंदियों को गोलियां लगीं।' घायल बंदियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर है। आईसीई एजेंटों को कोई चोट नहीं आई। एफबीआई ने कहा कि मामले की जांच 'लक्षित हिंसा' के रूप में की जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं दी गई।

# जयशंकर ने मैक्सिको-साइप्रस समेत कई विदेश मंत्रियों से की मुलाकात, आपसी रिश्ते मजबूत करने पर जोर

**मैक्सिको ।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मैक्सिको, साइप्रस और कई प्रशांत द्वीपीय देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन बैठकों का मकसद भारत के वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करना रहा। इन बैठकों के बारे में जयशंकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी।



इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्होंने मैक्सिको के विदेश मंत्री जुआन रामोन दे ला फुएंते से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने हाल ही में हुए आपसी आदान-प्रदान को आगे बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को नया दिशा देने पर सहमति जताई। इसके साथ ही जयशंकर ने साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस से भी मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साइप्रस यात्रा के बाद द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। जयशंकर ने यूरोप में हो रहे घटनाक्रमों पर कॉम्बोस की समझ की सराहना की। साथ ही कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और ढांचे के अनुरूप साइप्रस मुद्दे के स्थायी समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने जल्द ही कॉम्बोस को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।

कई प्रशांत देशो के नेताओं से भी मिले जयशंकर जयशंकर ने फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (एफआईपीआईसी) की विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर कई प्रशांत देशों के नेताओं से भी मुलाकात की। उन्होंने मार्शल आइलैंड्स के विदेश मंत्री कालानी कानेको, तुवालु के विदेश मंत्री पॉलसन पानापा और पलाउ के राज्य मंत्री गुस्ताव आइटारो से चर्चा की।

इन मुलाकातों के दौरान भारत की प्रशांत क्षेत्र के साथ साझेदारी को और गहरा करने पर सहमति बनी। इसके अलावा जयशंकर ने सोलोमन आइलैंड्स के विदेश मंत्री पीटर शनेल अगोवाका और टोंगा के प्रधानमंत्री डॉ ऐसाके वालू एके से भी गर्मजोशी से मुलाकात की और आपसी हितों पर बातचीत की।

# राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले- रूस के साथ युद्ध खत्म होने के बाद पद छोड़ने के लिए तैयार हूं

**यूक्रेन ।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक समाचार वेबसाइट को बताया कि रूस के साथ युद्ध समाप्त होने के बाद मैं पद छोड़ने के लिए तैयार हूं। जेलेंस्की ने कहा, मेरा लक्ष्य युद्ध समाप्त करना है, न कि पद के लिए दौड़ना। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में जेलेंस्की ने दुनिया से इस युद्ध को खत्म कराने की अपील की थी। यूक्रेन में जंग की वजह से चुनाव अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं



चुनाव मेरा लक्ष्य नहीं है- जेलेंस्की यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक्सियोस वेबसाइट को दिए एक वीडियो साक्षात्कार में कहा, शांतिकाल में उनका यूक्रेन का नेतृत्व करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने यह भी वादा किया कि अगर युद्धविराम हो जाता है, तो वे संसद से चुनाव कराने का अनुरोध करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या युद्ध के बाद वे अपना पद छोड़ देंगे? इस पर जेलेंस्की ने जवाब दिया कि वे पद छोड़ने के लिए तैयार हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि मैं इस कठिन समय में अपने देश के साथ रहना चाहता था, अपने देश की मदद करना चाहता था। मेरा लक्ष्य युद्ध समाप्त करना है। जेलेंस्की ने कहा कि अगर युद्धविराम हो जाता है, तो वह यूक्रेन की संसद से चुनाव कराने का अनुरोध करेंगे। बता दें कि 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को मार्शल लॉ के तहत स्थगित कर दिया गया था, जो फरवरी 2022 में रूस के पूर्ण आक्रमण के बाद यूक्रेन में लागू हुआ था। पूर्व हास्य कलाकार जेलेंस्की 2019 में चुने गए थे। साढ़े तीन साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध के बावजूद जेलेंस्की पर जनता ने विश्वास बनाए रखा है।

दुनिया में मानव इतिहास की सबसे विनाशकारी शस्त्र दौड़ चल रही : जेलेंस्की यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने विश्व नेताओं से कहा कि दुनिया में मानव इतिहास की सबसे विनाशकारी शस्त्र दौड़ चल रही है।

**यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक समाचार वेबसाइट को बताया कि रूस के साथ युद्ध समाप्त होने के बाद मैं पद छोड़ने के लिए तैयार हूं। जेलेंस्की ने कहा, मेरा लक्ष्य युद्ध समाप्त करना है, न कि पद के लिए दौड़ना**

# यूएनजीए के दौरान मिले अमेरिका और रूस के विदेश मंत्री, जेलेंस्की ने पुतिन पर साधा निशाना

**अमेरिका ।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच अहम बैठक हुई। यह मुलाकात महासभा के इतर हुई, जिसकी पुष्टि रूस के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को की।




इस बीच, महासभा के दूसरे दिन दुनिया के कई प्रमुख नेताओं ने सभा को संबोधित किया, जिनमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, ईरान के मसूद पेजेश्कियान, अर्जेंटीना के जेवियर माईली और सीरिया के अंतरिम नेता अहमद अल-शरा शामिल रहे। खास बात यह रही कि 60 से पहले बार ऐसा हुआ कि सीरिया के किसी नेता ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर भाषण दिया हो।

जेलेंस्की का संबोधन में रूस के खिलाफ सख्त संदेश बता दें कि महासभा के दूसरे दिन जब यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की सं बोधित कर रहे थे, तब रूस के खिलाफ उनका रवैया और संदेश सख्त था। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर कड़ा हमला बोला। जेलेंस्की ने कहा कि सभा में मौजूद कई देश या तो युद्ध में हैं या उससे बाहर निकले हैं या फिर युद्ध रोकने की कोशिश कर रहे हैं या खुलकर उसकी तैयारी कर रहे हैं। हमने कल राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की और कई अन्य मजबूत नेताओं से भी बात हुई। हम सब मिलकर बहुत कुछ बदल सकते हैं। हमें जो समर्थन मिल रहा है, उसके लिए मैं आभारी हूं।

जेलेंस्की ने आगे कहा कि जी7 और जी20 जैसे समूह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन असली जिम्मेदारी पूरे संयुक्त राष्ट्र समुदाय की है। उन्होंने सभी देशों से अपील की कि वे रूस की आक्रामकता के खिलाफ बोलें और अंतरराष्ट्रीय कानून और व्यवस्था की रक्षा में यूक्रेन का साथ दें। इस दौरान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना पर भी नाराजगी जताई।

# शक्तिशाली चक्रवात रगासा के आज चीनी तट से टकराने की संभावना

**चीन ।** दुनिया के सबसे शक्तिशाली चक्रवाती तूफान रगासा ने पूर्वी एशियाई देशों में भारी बारिश तबाही मचाई, इसके चलते हांगकांग 700 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं हैं। उधर ताइवान में तूफान ने अब तक 17 लोगों को अपनी चपेट में लिया है। तूफान के कारण आई बाढ़ के कारण भी कई हताहत हुए हैं। 124 लोग अभी भी लापता हैं। वहीं इस तूफान के आज चीन के तट से टकराने की प्रबल संभावना भी है।



**17 लोगों को अपनी चपेट में लिया है। तूफान के कारण आई बाढ़ के कारण भी कई हताहत हुए हैं। 124 लोग अभी भी लापता हैं**

चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के तट से टकराएगा रगासा ताजा जानकारी के मुताबिक, ताइवान में भारी तबाही मचाने के बाद शक्तिशाली चक्रवात रगासा अब चीन की ओर बढ़ रहा है। रगासा आज (बुधवार) दोपहर से देर शाम के बीच चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के तट से टकराएगा। यह हांगकांग से करीब 100 किलोमीटर दक्षिण में लैंडफॉल करेगा।

ताइवान में तूफान से भारी तबाही मंगलवार को ताइवान के हुआलिएन काउंटी में लगातार भारी बारिश से एक झील का बांध टूट गया, जिससे पानी के तेज बहाव ने एक पुल को बहा दिया। वहीं गुआंगफू कस्बे में सड़कों पर पानी की तेज बहाव में कई गाड़ियां व घरों का सामान बह गए। इस कस्बे की 8450 की आबादी में से आधे से ज्यादा लोग ऊंची जगहों या अपने घरों की ऊपरी मंजिलों पर शरण लिए हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि राहतकर्मी घर-घर जाकर लोगों की तलाश कर रहे हैं। फिलीपींस में भी रगासा का असर

रगासा ने फिलीपींस के उत्तरी लुजोन क्षेत्र में भी कहर बरपाया। यहां चार लोगों की मौत हुई, जिनमें एक बुजुर्ग व्यक्ति भी शामिल है जो भूस्खलन में फंस गया। इस तूफान से लगभग सात लाख लोग प्रभावित हुए और 25000 से ज्यादा लोगों को सरकारी राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी। चीन और हांगकांग में तैयारी वहीं तूफान के खतरे को देखते हुए दक्षिणी चीन के कई शहरों में स्कूल, ऑफिस और बाजार बंद कर दिए गए हैं। हांगकांग में नंबर आठ का तूफान अलर्ट जारी किया गया है, जो शहर की मौसम चेतावनी प्रणाली का तीसरा सबसे ऊंचा स्तर है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि समुद्र का जलस्तर 2-3 मीटर तक बढ़ सकता है और लहरें तट से टकराते हुए खतरनाक रूप ले सकती हैं। सुरक्षा के मद्देनजर लोग खिड़कियों और कांच के दरवाजों को टेप से सील कर रहे हैं, घरों के सामने बालू की बोरियां रखी जा रही हैं और बाजारों में जरूरी सामान की तेजी से खरीदारी हो रही है।

# कनाडाः अगले महीने भारत आ सकती हैं कनाडा की विदेश मंत्री, निज्जर विवाद के बाद होगा पहला हाई प्रोफाइल-दौरा

**कनाडा ।** कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद अगले महीने भारत का दौरा करेगी, जहां वह अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से मुलाकात करेंगी। 2023 में दोनों देशों के संबंधों में खटास आई थी। जिसके बाद से कनाडा के किसी विदेश मंत्री का यह पहला आधिकारिक दौरा होगा। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।



2023 में कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत सरकार पर आरोप लगाया था कि वह खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करने की साजिश में शामिल है। इसके बाद द्विपक्षीय संबंधों में भारी गिरावट देखने को मिली। सूत्रों के मुताबिक, दौरे की तारीख अभी तय नहीं हुई है। लेकिन दोनों देशों के अधिकारी आपस में संपर्क में हैं और तारीख पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की कनाडाई समकक्ष से मुलाकात

इस साल जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी की मुलाकात हुई थी। इसके बाद से दोनों देशों के संबंध लगातार सुधर रहे हैं। इस मुलाकात के बाद से भारत और कनाडा ने संबंधों को सामान्य करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। बुधवार को भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने ओटावा में रिड्यू हॉल में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला। इससे पहले कनाडा के कई शीर्ष अधिकारियों ने भी भारत का दौरा किया है।

राजनयिक कर्मचारियों की बहाली की तैयारी पिछले हफ्ते भारत ने संकेत दिया कि वह कनाडा में अपने सभी राजनयिकों की बहाली पर विचार कर सकता है। दो साल पहले भारत ने कनाडा के दो-तिहाई राजनयिकों की कूटनीतिक सुरक्षा को हटा दिया था। जिसके बाद अक्तूबर 2023 में 41 कनाडाई अधिकारियों को भारत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। पिछले शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों देश अपने-अपने मिशनों और वाणिज्य दूतावासों में क्षमता से जुड़ी समस्याओं को रचनात्मक तरीके से हल करने पर सहमत हुए हैं।

भारत और कनाडा के संबंध उस वक्त सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे, जब 2023 में तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो ने निज्जर की हत्या के मामले में भारत की संलिप्तता का आरोप लगाया था। इस आरोप के बाद भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था। जवाब में भारत ने भी कनाडा के कई राजनयिकों को देश से निकाल दिया था। हालांकि, इस साल अप्रैल में संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी की जीत के बाद संबंधों को फिर से सुधारने की प्रक्रिया शुरू हुई।

# कविनगर रामलीला मैदान में महापौर ने 'एक तारीख एक घंटा एक दिन' अभियान के तहत किया श्रमदान






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश सरकार के निदेशानुसार चल रहे 'एक तारीख एक घंटा एक दिन' विशेष स्वच्छता श्रमदान अभियान के तहत गुरुवार को कविनगर रामलीला मैदान में महापौर सुनीता दयाल ने झाड़ू लगाकर सफाई अभियान की शुरूआत की। इस दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक समेत नगर निगम के अधिकारी, पार्षद, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और स्कूली बच्चों ने भी श्रमदान किया।

### बच्चों से लेकर बड़ो की जिम्मेदारी है सफाई

**करंट क्राइम** : कार्यक्रम के तहत शहर के सभी वार्डों में पार्षदों और अधिकारियों ने साफ-सफाई कर अभियान को गति दी। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि जब बच्चे भी सफाई अभियान का हिस्सा बन जाते हैं तो उस शहर को प्रगति करने से कोई नहीं रोक सकता। यह संदेश दूर तक जाता है कि शहर हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसे साफ रखना है। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को फल और अन्य वस्तुएं वितरित की गईं। साथ ही नगर निगम द्वारा गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की विशेष पहल का भी प्रचार-प्रसार किया गया। महापौर ने बताया कि डेरियों से निकलने वाले गोबर से अब नगर निगम पेंट तैयार कर रहा है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।





### इनकी रही मौजूदगी

**करंट क्राइम** : इस अवसर पर पार्षद कुलदीप त्यागी, शीतल देओल, पवन गौतम, नितिन कुमार, चीफ वार्डन ललित जैसवाल, अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील राय, जीएम जल के.पी. आनंद, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज, अधिशासी अभियंता आस कुमार, जोनल प्रभारी राजेश गुप्ता, अजय गुप्ता समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और स्थानीय आरडब्ल्यूए पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक अजीत पाल त्यागी की मौजूदगी में मनाया गया जीएसटी बचत उत्सव





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में जीएसटी बचत उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में संजय नगर सेक्टर-23 मार्केट में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहाँ विधायक अजीत पाल त्यागी ने व्यापारी वर्ग और स्थानीय नागरिकों के साथ उत्सव में भाग लिया। कार्यक्रम में संजय नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन गोयल, सह-अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, पूर्व महानगर अध्यक्ष अमरनाथ शर्मा, गुरुजी, राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, जिला प्रतिनिधि विनीत शर्मा, पार्षद कपिल वशिष्ठ, मोनू त्यागी, अंकुश अरोड़ा, कंवर चौधरी और मनीष मित्तल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

वक्ताओं ने कहा कि जीएसअी में संशोधन से उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष बचत का लाभ मिलेगा और व्यापारियों को कारोबार में नई गति मिलेगी। साथ ही, उत्सव के दौरान व्यापारियों ने जनता के बीच इस पहल का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया।

# नंदग्राम मण्डल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पुष्पांजलि और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्श और नीति आज भी जीवित : राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नंदग्राम मण्डल में गुरुवार को एकात्म मानववाद के प्रणेता, राष्ट्रनायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के उपरांत पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ वृक्षारोपण भी किया गया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप कार्यक्रम में पहुंचे। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर कार्यकताओं ने मंत्री का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सम्पूर्ण जीवन समर्पण, सेवा और राष्ट्रहित के लिए संघर्ष का अद्भुत उदाहरण है। उनके विचार आज भी भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और सेवा ही संगठन के पथप्रदर्शक बने हुए हैं।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा : पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी और देश के लिए अद्वितीय कार्य किया है। उन्होंने राष्ट्र को सशक्त बनाने के साथ-साथ आज की युवा पीढ़ी को एक सही मार्ग पर ले चलने की दिशा में अमूल्य योगदान दिया। उनका जीवन संघर्ष और त्याग से भरा हुआ था, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पंडित जी के विचार ही भाजपा को शक्ति प्रदान करते हैं और देश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

### देश की एकता और अखंडता पर पंडित दीनदयाल का संदेश



**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र भारत राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सदैव यह संदेश दिया कि राष्ट्र की शक्ति उसकी एकता और अखंडता में निहित है। उनका मानना था कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। उन्होंने भारत को एक सूत्र में बांधकर रखने के लिए अपने जीवन का हर क्षण समर्पित किया।

## बृज विहार के पार्षद विनय चौधरी ने सेवा पखवाड़े के तहत चलाया सफाई अभियान




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार के पार्षद विनय चौधरी ने सेवा पखवाड़े के तहत डेढ़ घंटे का सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में कार्यकताओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने क्षेत्र की सफाई में योगदान दिया।

सफाई अभियान का उद्देश्य अपने क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। पार्षद विनय चौधरी ने कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है और हमें अपने क्षेत्र को साफ रखने के लिए मिलकर काम करना होगा। इस अभियान में कार्यकताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने क्षेत्र की सफाई में योगदान दिया। पार्षद विनय चौधरी ने कार्यकताओं की भागीदारी की सराहना की और कहा कि सामूहिक प्रयास से ही हम अपने क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बना सकते हैं। इस अवसर पर योगेश त्रिपाठी वीरेंद्र सिंह सुनील पवार अजीत तोमर पुष्पेंद्र चौधरी विक्रम चौधरी जीके सहाय नारायण सिंह सुधीर राय सुशील सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जीएसटी छूट से देश को विकास की गति मिलेगी : विधायक संजीव शर्मा




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा की अध्यक्षता में नवयुग मार्केट उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप गर्ग के प्रतिष्ठान पर व्यापारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायक संजीव शर्मा ने व्यापारियों को जीएसटी छूट से होने वाले लाभों के बारे में बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म लागू होने के साथ ही बचत उत्सव की शुरूआत हो गई है, जो दीपावली पर्व को और अधिक रंगीन और आकर्षक बनाएगा। उन्होंने कहा कि मजदूर, युवा, किसान, गृहिणी, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक तेजी से आगे बढ़ेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा होगा।

उन्होंने बताया कि जीएसटी रिफॉर्म से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग और कुटीर उद्योग सभी को फायदा होगा। रोजमर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट आदि अब या तो टैक्स फ्री कर दी गई हैं या 5 प्रतिशत की सबसे कम स्लैब में आ गई हैं। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने जानकारी दी कि बैठक के बाद मार्केट में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान शोरूमों पर स्टिकर लगाकर व्यापारियों और ग्राहकों को मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर निलेश, विजय नरूला, अभिषेक, राजा सलूजा, अश्वनी, बबलू जैन, हर्षित अग्रवाल, विपुल, सतीश सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# श्री सुल्लामल रामलीला के 125 वर्ष पूरे होने पर उपराष्ट्रपति ने दी शुभकामनाएँ

### सांसद अतुल गर्ग के नेतृत्व में रामलीला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से की भेंट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग के नेतृत्व में, श्री सुल्लामल रामलीला समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर रामलीला समिति के खलीफा राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले) एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल उपस्थित रहे।

सांसद गर्ग ने महामहिम उपराष्ट्रपति को अवगत कराया कि श्री सुल्लामल रामलीला समिति पिछले 125 वर्षों से निरंतर और भव्य रूप से रामलीला का आयोजन कर रही है। समिति के इस दीर्घकालिक सांस्कृतिक योगदान की जानकारी पाकर महामहिम उपराष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त की। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने समिति को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अगले वर्ष रामलीला मंचन का साक्षी बनने का अवश्य प्रयास करेंगे। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का संवाहक बताया।

यह शिष्टाचार भेंट महामहिम से समन्वय वार्ता के बाद तय की गई थी। समन्वय वार्ता में समिति के अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश प्रधान, स्वागत अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल 'मोनू', रविंद्र मित्तल, प्रदीप मित्तल एवं अनिल चौधरी शामिल थे। चूँकि शिष्टाचार भेंट के लिए पहले ही नाम भेजे जा चुके थे, अतः प्रोटोकॉल के तहत खलीफा राजेंद्र मित्तल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल को प्रतिनिधि मंडल के रूप में यथावत रखा गया।

## राजनगर मंडल में दीनदयाल जयंती पर पौधारोपण

### विधायक अजीत पाल त्यागी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए पौधे




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में राजनगर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह आयोजन राजनगर सेक्टर-7 स्थित एक स्कूल में हुआ, जहाँ मुख्य अतिथि विधायक अजीत पाल त्यागी ने पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पौधारोपण में महानगर अमरदत्त दत्त शर्मा, राजेश गर्ग, प्रदीप चौधरी, नीरज त्यागी, विनीत शर्मा, मनोज गिरी, अभिजीत मुखर्जी, पार्षद कुलदीप त्यागी, अंजू पुंढीर, आरके जैन, विक्रम सैनी, श्री चंद चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने जीवनभर समाज और राष्ट्र की सेवा को सर्वोपरि माना। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। उन्होंने पौधारोपण को हरित भारत और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# नारी शक्ति की मिसाल, गाजियाबाद की महिला पुलिस टीम को अजय गुप्ता का सलाम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज की नारी किसी से कम नहीं है–यह साबित कर दिखाया एसीपी नंदग्राम उपासना सिंह, महिला थाना अध्यक्ष रितु त्यागी और उनकी बहादुर टीम ने। हाल ही में हिस्ट्रीशीटर बदमाश के साथ मुठभेड़ कर उसे गिरफ्तार कर इन महिला पुलिसकर्मियों ने नारी सशक्तिकरण की मिसाल कायम की।



इस साहसिक कदम की सराहना करते हुए अजय गुप्ता (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, उद्योग अपर मंडल एवं समाजसेवी) ने कहा–गाजियाबाद की यह महिला पुलिस टीम हमारे समाज की नई सोच और नई ताकत का प्रतीक है। एसीपी उपासना सिंह और रितु त्यागी के नेतृत्व में पूरी टीम ने जो पराक्रम दिखाया है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। हम सबको इन बहादुर बेटियों पर गर्व है। गौरतलब है कि पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ ने भी महिला टीम को प्रशस्ति पत्र और 25 हजार की धनराशि देकर सम्मानित किया।




# जनक प्रतिज्ञा, धनुषयज्ञ और सीता स्वयंवर का भव्य मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के छठे दिन गुरुवार की संध्या को जनक प्रतिज्ञा, धनुषयज्ञ और सीता स्वयंवर के प्रसंगों का भव्य मंचन किया गया। इस अवसर पर विशाल पंडाल में उपस्थित दर्शकों ने दिव्य झाँकियों और सजीव अभिनय का आनंद लेकर अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया।

मंचन का शुभारंभ जनक प्रतिज्ञा से हुआ, जिसमें मिथिला नरेश जनक ने शिवधनुष उठाने वाले वीर को ही सीता का वर स्वीकार करने का संकल्प व्यक्त किया। इसके बाद धनुषयज्ञ का ऐतिहासिक दृश्य हुआ, जब श्रीराम ने सहज भाव से शिवधनुष उठाकर भंग कर दिया। सीता स्वयंवर के प्रसंग पर मंचन स्थल पर दिव्यता का अद्भुत वातावरण बन गया और दर्शक भावविभोर हो उठे। समिति के चेयरमैन नरेन्द्र भारद्वाज ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि रामलीला समाज को सत्य, मयार्दा और आदर्शों की राह पर चलने की प्रेरणा देती है। समिति के अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल थे। शुक्रवार सातवें दिन रामलीला स्थल पर परशुराम संवाद, अयोध्या आगमन और कैकेयी वरदान जैसे रोचक प्रसंगों का मंचन होगा। इसके अलावा शुक्रवार को दिन 3 बजे प्राचीन हनुमान मंदिर सेक्टर 16 वसुंधरा से प्रह्लादगढ़ी गॉव सहित विभिन्न सेक्टरों से होते हुए विशाल राम बारात का आयोजन किया जाएगा।

# अग्रिम आदेश तक संपत्ति कर में 20% छूट बरकरार रखने की मांग

### पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने लिखा पत्र




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम मुख्यालय स्थित पार्षद कक्ष में पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित पार्षदों ने नगरायुक्त और महापौर सुनीता दयाल को पत्र भेजकर मांग की कि संपत्ति कर पर दी जा रही 20 प्रतिशत की छूट को अग्रिम आदेश तक जारी रखा जाए। पार्षदों ने अपने पत्र में कहा कि संपत्ति कर से जुड़ा मामला इस समय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। साथ ही, 30 जून को हुई बोर्ड बैठक में पदेन सदस्यों सहित सभी पार्षदों ने बढ़े हुए संपत्ति कर प्रस्ताव को ध्वनि मत से निरस्त कर दिया था, जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है और उस पर निर्णय आना अभी शेष है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में करदाता असमंजस में हैं। नगर निगम की व्यवस्था के अनुसार यदि करदाता 30 सितंबर तक संपत्ति कर जमा कर देता है तो उसे 20 प्रतिशत की छूट दी जाती है। लेकिन शासन और उच्च न्यायालय से निर्णय लंबित होने के कारण नागरिकों में भ्रम की स्थिति है। ऐसे में पार्षदों ने मांग की है कि अग्रिम आदेश आने तक यह छूट जारी रखी जाए। बैठक में पार्षद नीरज गोयल, गौरव सोलंकी, हिमांशु शर्मा, पूर्व पार्षद जाकिर अली, पार्षद पति डॉ. पवन गौतम, मदन राय, देव नारायण शर्मा, कन्हैया लाल, ओम प्रकाश ओढ़, पूनम सिंह, संतोष राणा और रुकसाना सैफी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।